हरिभूमि
रायपुर भूमि



टिकरापारा में विराजीं माता



लेंस से प्रज्ज्वलित की मुख्य ज्योति



एक बाती से जगमगाए सैकड़ों ज्योति कलश

रायपुर। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना करते हुए पारंपरिक तरीके से जहां मां महामाया मंदिर पुरानी बस्ती में चकमक पत्थर से मुख्य ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। वहीं श्री हरदेव लाला मंदिर में लेंस के माध्यम से मुख्य ज्योत को प्रज्ज्वलित किया गया और उसी से सैकड़ों ज्योति कलश जलाए गए। साथ ही नौ दिनों तक होने वाली मां आदिशक्ति की आराधना और उपासना के महापर्व का आगाज विधिवत मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना की परंपरा निभाते हुए किया गया। ज्योति कलश स्थापना के बाद आरती में दर्शनार्थी और उपासक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं बैगा और पंडा के माध्यम से लाखों ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। मान्यता के तहत मनोकामना के लिए ज्योत जलवाने वाले भक्तों ने घट पूजा करते हुए मां आदिशक्ति से आशीष लिया।

नवरात्रि विशेष



द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

परीक्षण के बाद भोजन परोसा जाता है, जेल में आखिरी फांसी 48 वर्ष पहले हुई थी

सेंट्रल जेल में सामान्य कैदियों के साथ रखे गए दरिंदे, इनके समेत फांसी वाले छह कैदी मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरगुजा इलाके में हवलदार की पत्नी और बेटी से दरिंदगी करने वाले तीनों अपराधियों को रायपुर सेंट्रल जेल में सामान्य कैदियो की तरह रखा गया है। तीनों को फांसी की सजा हुई है। इन तीनों को मिलाकर अभी रायपुर जेल में आधा दर्जन आरोपी कैद हैं। इनमें एक महिला भी शामिल है, जिसे फांसी दी जानी है।

यहां यह बताना लाजिमी है कि केंद्रीय जेल में आखिरी बार फांसी 48 वर्ष पूर्व 25 अक्टूबर 1978 को बैजू नामक बंदी को दी गई थी। इसके बाद कई और लोगों को फांसी की सजा हुई, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने आजीवन कारावास में बदल दिया। जिन आधा दर्जन बंदियों को फांसी की सजा सुनाई गई है, उनमें से तीन बंदियों को सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा में किसी तरह से राहत नहीं दी है। इनमें एक दंपत्ति शामिल हैं। इसके बाद दो वर्ष पूर्व 13 अक्टूबर 2024 में सूरजपुर दोहरा हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। उन बंदियों को अंबिकापुर, सूरजपुर तथा कोरिया से रायपुर सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया है। पूर्व में फांसी की सजा पाने वाले बंदियों को जेल में बने आइसोलेशन सेल में रखा जाता था, उनकी विशेष निगरानी की व्यवस्था होती थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फांसी की सजा पाने वाले बंदियों को आम बंदियों की बैरक में रखा जाता है।

खास खबर

इसलिए रखते हैं सामान्य बंदियों के बीच

जेल नियमावली में सुधार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2018 में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया कि फांसी की सजा पाने वाले बंदियों को तब तक कंडम्ड सेल में नहीं रखा जा सकता, जब तक कि उनकी फांसी की सजा पूरी तरह से अंतिम न हो जाए। कानूनी प्रावधानों के अनुसार जब तक किसी कैदी के सभी कानूनी विकल्प (जैसे अपील और दया याचिका) समाप्त नहीं हो जाते, तब तक उसे जेल में आम बंदियों की तरह ही बैरक में रहने और घूमने-फिरने का अधिकार दिया है।



इन बंदियों को मिली है फांसी की सजा

दुर्ग, रुआंबाधा में तंत्र-मंत्र करने दो साल के बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या करने के बाद बलि देने के आरोपी ईश्वरी लाल यादव, उसकी पत्नी तथा राम सोना सहित सात लोगों को वर्ष 2014 में निचली अदालत ने फांसी सजा सुनाई थी, जिनमें से ईश्वरी लाल उसकी पत्नी तथा राम सोना की फांसी की सजा को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा। सूरजपुर दोहरे हत्याकांड के आरोपी कुलदीप साहू, फूल सिंह उर्फ रिंकू तथा चंद्रकांत चौधरी को एक पुलिसकर्मी की पत्नी तथा उनकी 11 साल की बेटी की हत्या करने के आरोप में फांसी की सजा सुनाई गई है।

सुरक्षा और पाबंदियां

हालांकि इन बंदियों को आम बंदियों के साथ रहने का अधिकार है, लेकिन जेल नियमों के तहत जेल प्रशासन उनकी सुरक्षा और मानसिक स्थिति की कड़ी निगरानी करता है। यदि जेलर को लगता है कि कैदी खुद को नुकसान पहुंचा सकता है या उसकी सुरक्षा को खतरा है तो ही विशेष सुरक्षात्मक घेरे में रखने के कदम उठाए जाते हैं, लेकिन इसे दंडात्मक एकांतवास नहीं माना जा सकता।

आम बंदियों से अलग पकाया जाता है भोजन

फांसी की सजा पाने वाले बंदियों का भोजन वरिष्ठ अधिकारियों या डॉक्टरों की निगरानी में पकाया जाता है। भोजन में किसी भी तरह की मिलावट या जहर की आशंका को रोकने के लिए सावधानी बरती जाती है। कैदी को खाना परोसे जाने से पहले जेल स्टाफ या ड्यूटी डॉक्टर द्वारा उस भोजन को चखा जाता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि खाना पूरी तरह सुरक्षित है। इन्हें आम कैदियों के साथ सामूहिक मेस (लंगर) में बैठकर खाना खाने की अनुमति नहीं होती, भोजन सीधे उनकी कोठरी में पहुंचाया जाता है। इसके अलावा इन्हें स्टील, कांच या भारी धातु के बर्तन नहीं दिए जाते। खाना आमतौर पर डिस्पोजेबल (जैसे प्लास्टिक या कागज की प्लेट) या बहुत ही सुरक्षित बर्तनों में दिया जाता है।

महादेवघाट के विसर्जन कुंड की सफाई पूरी, अब खारुन नदी से भरा जाएगा साफ पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन-8 कमिश्नरी ने महादेवघाट में खारुन नदी तट के समीप बनाए गए विसर्जन कुंड की सफाई का काम पूरा करा लिया है। सोमवार से नदी का स्वच्छ पानी मोटर पंप की मदद से कुंड में भरने का काम शुरू हो जाएगा। 3 दिनों तक विसर्जन कुंड के आसपास भारी संख्या में जमा गणेश मूर्तियों के विसर्जन का ढांचा को क्रेन की मदद से हटाने का काम प्रमुखता से किया गया। इसके बाद लगाातार पांच दिनों तक विसर्जन कुंड में जमा गंदगी और मिट्टी को बाहर निकालने टीम जुटी रही। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से पूर्व महादेवघाट के पास बने विसर्जन कुंड की पूरी तरह सफाई कर ⏭शेष पेज 12 पर

- जोन-8 की टीम ने10 दिनों में मूर्तियों के अवशेष, लकड़ियों का ढांचा बाहर निकलवाया

दुर्गा विसर्जन के पूर्व कुंड तैयार

जोन 8 के अधिकारियों का कहना है कि विसर्जन कुंड के आसपास जमा ढांचों को अनुबंधित ठेकेदार के माध्यम से विसर्जन स्थल हटाकर स्थल की सफाई कराई गई है, ताकि दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व कुंड को पूरी तरह तैयार किया जा सके। रविवार को कुंड की तलछटी में जमा गंदगी धुलवाने का काम किया गया। जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के मार्गदर्शन में कार्यपालन ⏭शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

श्रीश्री आनंदमूर्ति का आपत्तिजनक वीडियो



रायपुर। आनंद मार्ग के अनुयायियों द्वारा थाना सिविल लाइंस थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में बताया गया है कि इंस्टाग्राम पर 'डॉल्फन डॉट एआई' नामक अकाउंट द्वारा उनके आराध्य एवं आनंद मार्ग के प्रवर्तक श्रीश्री आनंदमूर्ति की पवित्र प्रतिकृति के साथ एआई द्वारा छेड़छाड़ कर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर प्रसारित किया गया है। इस कृत्य से छत्तीसगढ़ सहित विश्वभर के आनंद मार्गियों की धार्मिक एवं आध्यात्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इस कारण समाज में रोष व्याप्त है। आनंद मार्ग के अनुयायियों ने आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने तथा जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

सूने मकान में धावा कैश-जेवर किए पार

रायपुर। डीडीनगर थाना क्षेत्र के सूने मकान में अज्ञात चोर दबिश देकर 10 हजार रुपए नकदी सहित 16 हजार रुपए कीमत के चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। डगनिया के तरुण नगर निवासी शिवशंकर सेनापति ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि उनका बड़ा भाई गुजरात में नौकरी करता है। मकान की साफ सफाई करने वाली बाई तथा उनके पास घर की चाबी है। काम करने वाली बाई घर में सफाई करने के लिए गई तो उसने देखा का मेन गेट का ताला टूटा हुआ है।

आयुष्मान योजना में हेराफेरी की जांच पूरी, 14 में गड़बड़ी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में हेराफेरी करने के मामले में जांच पूरी कर ली गई है। इसमें 14 अस्पतालों के दस्तावेजों में गड़बड़ी का खुलासा हुआ है और इस आधार पर डी-इम्पैनल्ड और जुर्माना जैसी कार्रवाई करने की तैयारी है। दस दिन पहले स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने छापेमारी के बाद 17 हास्पिटलों को जांच के दायरे में लाया था। इन अस्पतालों के खिलाफ गलत पैकेज, मरीजों से अतिरिक्त राशि की वसूली जैसी काफी शिकायतें हैं।

- गलत पैकेज, मरीजों से अतिरिक्त राशि की वसूली जैसी ढेरों शिकायतें

स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत राशनकार्ड के आधार पर बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड में बीमारियों के हिसाब से पैकेज का निर्धारण किया गया है। मरीजों को निशुल्क इलाज की सुविधा देने वाले अस्पतालों को शासन निर्धारित दर के आधार पर भुगतान करता है। ज्यादा मुनाफे के चक्कर में कई निजी अस्पताल योजना में गड़बड़ी करने से बाज नहीं आते। ऐसा करने वालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई भी करता है। स्टेट नोडल एजेंसी की राज्यस्तरीय टीम ने इस तरह की शिकायतों के आधार 30 सितंबर को विभिन्न जिलों के अस्पतालों की जांच की थी। इस दौरान रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर, कबीरधाम, कोंडागांव और कोरबा के कुल 17 अस्पतालों से इलाज संबंधी दस्तावेज जब्त किए थे। आधिकारिक ⏭शेष पेज 12 पर



पैकेज पुराना होने की शिकायत

आयुष्मान योजना के मामले में निजी अस्पतालों का भुगतान में ढीला रवैया और पुराने पैकेज में किसी तरह का बदलाव नहीं किए जाने की शिकायतें काफी समय से हैं। इस मामले में चिकित्सक संगठन कई बार अफसरों से मिल चुके हैं। उनकी मांगों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन तो मिला, मगर अब तक किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। पिछले दिनों इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की टीम ने इस मामले में आपातकालीन बैठक लेकर चर्चा भी की थी।

दो हुए थे निलंबित, एफआईआर की थी अनुशंसा

स्वास्थ्य विभाग ने योजना में गड़बड़ी और दूसरे मरीजों को गाड़ियों में भरकर अस्पताल लाकर इलाज करने के मामले में दो अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया गया था। मामले की गंभीरता के आधार पर जिलास्तर की जांच टीम ने ऐसे गड़बड़ी वाले अस्पताल के चिकित्सकों के खिलाफ एफआईआर और छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल से पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा की थी। हालांकि योजना से निलंबन के बाद मामले में किसी तरह का एक्शन नहीं लिया गया।

दिन में तेज धूप से गर्मी बरकरार, नवंबर-दिसंबर में भी ठंड कम रहने के आसार

रायपुर। दिन में पड़ने वाली तेज धूप के प्रभाव से राज्य में गर्मी का असर बरकरार है। उत्तर से आने वाली हवा का माहौल नहीं बनने के कारण नवंबर-दिसंबर में भी इस बार ठंड कम रहने के आसार हैं। 15 अक्टूबर से तमिलनाडु में उत्तर-पूर्व मानसून सक्रिय होगा और इसके आसपास दक्षिण-पूर्व मानसून की विदाई होने की संभावना है। अभी राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद काफी कम है। मानसून रायपुर से विदा हो चुका है, मगर मानसून द्रोणिका छत्तीसगढ़ से पूरी तरह रवाना नहीं हुई है। समय-समय बनने वाली द्रोणिका भले ही वर्षा का कारण नहीं बन रही है, मगर उसने मानसून को रोके रखा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, 15 अक्टूबर को बनने वाले सिस्टम की वजह से राज्य में कुछ मात्रा में नमी बढ़ेगी।

- 15 अक्टूबर से तमिलनाडु में सक्रिय होगा उत्तर-पूर्व मानसून, दक्षिण-पूर्व की विदाई

डीजे की धुन पर नाचने को लेकर विवाद, हत्या, नाबालिग को पुलिस ने पकड़ा

धार्मिक आयोजन में संदिग्ध, साढ़े तीन सौ कड़े जब्त, चाकू भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में होने वाले हर बड़े आयोजनों में संदिग्धों की जांच की जा रही है। शनिवार को उर्स तथा नवरात्रि की तैयारी की गहमागहमी रही। इस दौरान संदल जुलूस में घुसे संदिग्धों की भी पहचान की गई। पुलिस ने जांच के दौरान साढ़े तीन सौ कड़े जब्त करने के साथ ही 11 चाकूनुमा औजार भी बरामद किए हैं। एक अन्य घटना में राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह में डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद में नाबालिग ने 18 वर्षीय युवक गौरव सेन पर चाकू ⏭शेष पेज 12 पर



45 किलो स्टील के कड़े जब्त

जांच अभियान के दौरान पुलिस ने हाथ में पहनने वाले 350 से ज्यादा स्टील के कड़े जब्त किए। इनका कुल वजन करीब 45 किलो है। इसके अलावा 11 औजार भी बरामद किए गए। इनमें से एक मामले में आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी ⏭शेष पेज 12 पर

धक्का लगने पर विवाद नाबालिग ने कर दी हत्या

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह में हत्या का प्रमुख कारण डीजे में नाचने के दौरान धक्का लगने के बाद विवाद होना पाया गया है। घटना दिनांक को मोहल्ले में दुर्गा प्रतिमा स्थापना के लिए डीजे, धुमाल की धुन पर मोहल्ले के लड़कों के साथ गौरव सेन और उसके साथी नाच रहे थे। इस दौरान नाबालिग के साथ धक्का-मुक्की हो गई। तब नाबालिग ने जेब से चाकू निकालकर गौरव पर हमला कर दिया। अपने छोटे भाई के बचाने गए अजय पर भी नाबालिग ने चाकू से हमला करने की कोशिश की।

अपना उत्पादन 23 सौ मेगावाट खपत 62 सौ मेगावाट के पार

बिजली संकट के बीच हांफ रहे संयंत्र, एक प्लांट अब भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में बिजली संकट समाप्त होने के नाम नहीं ले रहा है। ऐसी संकट की घड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के संयंत्र भी हांफ रहे हैं। एक दिन पहले कोरबा वेस्ट के 210 मेगावाट के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र का 250 मेगावाट का एक संयंत्र बंद था। रविवार को 210 मेगावाट का संयंत्र तो प्रारंभ हो गया, लेकिन 250 मेगावाट का संयंत्र अब भी बंद है। ऐसे में अपना उत्पादन जहां 23 सौ मेगावाट हो रहा है, वहीं बिजली की डिमांड 62 सौ मेगावाट से ज्यादा है। ऐसे में इसकी पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली लेनी पड़ रही है। कृषि पंपों को 16 घंटे बिजली देने के लिए उद्योगों की बिजली लगातार 14 से 15 घंटों तक बंद की जा रही है। देश में ⏭शेष पेज 12 पर

- उद्योगों में लगातार हो रही घंटों कटौती



खपत ज्यादा, इसलिए कटौती

प्रदेश में इस समय कृषि पंपों के चलने के कारण बिजली की खपत पीक आवर में 62 सौ मेगावाट तक जा रही है। ऐसे में कंपनी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसका अपना उत्पादन 22 से 23 सौ मेगावाट हो रहा है। सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली लेनी पड़ रही है। निजी सेक्टरों और दूसरे राज्यों से बिजली न मिलने के कारण उद्योगों की बिजली कट हो रही है। अगर उद्योगों की बिजली कट नहीं होगी तो खपत सात हजार मेगावाट के पार हो जाएगी और इतनी ज्यादा बिजली कंपनी के पास है नहीं। उद्योगपतियों के मुताबिक, जहां शाम को 5 बजे से सुबह 7 बजे तक बिजली कट की जा रही है। वहीं दिन में भी 4 से 5 घंटे बिजली बंद की जा रही है। ऐसे में उद्योगों की हालत खराब हो गई है।

पॉवर एक्सचेंज से 10 रुपए प्रति यूनिट तक बिजली खरीद रहे : भीम सिंह

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बताया, प्रदेश में सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। मांग में वृद्धि का आकलन करते हुए बिजली की अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर पॉवर एक्सचेंज से 10 रुपए प्रति यूनिट तक की दर पर भी बिजली खरीदी जा रही है, ताकि पीक-ऑवर्स में आपूर्ति कायम रखी जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पूरे देश में अधिक दरों पर भी बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। पिछले सप्ताह उत्तरप्रदेश से 200 मेगावाट बिजली ली गई थी। वर्तमान में भी मांग और उपलब्धता की स्थिति का आकलन करते हुए पॉवर एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली खरीदी जा रही है। इसकी मात्रा मांग के अनुसार करीब 100 से 700 मेगावाट तक रहती है। हाल के दिनों में हरियाणा में बारिश के कारण वहां उपलब्ध अतिरिक्त बिजली का लाभ भी एक्सचेंज के माध्यम से छत्तीसगढ़ को मिला है।

खबर संक्षेप



महापौर ने लिया कंकाली देवी मंदिर के आसपास सफाई व्यवस्था जायजा

रायपुर। नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर मीनल चौबे ने रविवार को कंकालीपारा स्थित मां कंकाली देवी मंदिर के आसपास सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान मंदिर परिसर के आसपास के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रीमती चौबे ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। कंकाली देवी मंदिर निरीक्षण के दौरान मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं ने पहुंच मार्ग उबड़-खाबड़ होने की जानकारी दी। महापौर ने नागरिकों की परेशानी को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि उबड़-खाबड़ सड़क की दशा सुधारी जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता केवल सफाई व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है।

कांग्रेस ने कहा- छत्तीसगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद कानून व्यवस्था चरमराई

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने



भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि राज्य में हत्या, लूट, गोलीबारी और चाकूबाजी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार और पुलिस अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा, घरों में घुसकर हत्याएं हो रही हैं और अपराधियों में कानून का भय खत्म होता नजर आ रहा है। श्री शुक्ला ने आरंग में दोहरे हत्याकांड, डोंगरगढ़ में मां-बेटे की हत्या और राजधानी रायपुर में चाकूबाजी की घटनाओं का उल्लेख करते हुए सरकार से सवाल किया, राज्य सरकार कब स्वीकार करेगी कि प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब हो चुकी है। उन्होंने सक्ती में घर में घुसकर युवती की गोली मारकर हत्या, कोरिया जिले के सोनहत में चार लोगों को जिंदा जलाने और जैजैपुर में दो भाइयों की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटनाओं का भी हवाला दिया।

धक्का-मुक्की से मना करने पर युवक से मारपीट

रायपुर। सिविल लाइंस थाना में एक युवक ने चार लड़कों के खिलाफ धक्का-मुक्की से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बैरनबाजार निवासी मोहम्मद अर्सलान उल्ला ने पुलिस को बताया कि वो अपने छोटे भाई के साथ स्कूल परिसर में लगे उर्स मेले में गया था। इस दौरान मोवा निवासी परजान, अद्दू, अमीन एवं छोटा बाबू आए और उनके साथ धक्का-मुक्की करने लगे, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की।

सिगरेट पीने माचिस नहीं दी तो ड्राइवर को पीटा

रायपुर। टिकरापारा थाने में पेशे से ड्राइवर ने एक युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुदामा नगर निवासी शुभम साहू ने नवीन दास मानिकपुरी उर्फ लड्डू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि शनिवार देर रात दुर्गा माता की प्रतिमा ला रहे थे, तब नवीन ने सिगरेट पीने के लिए उससे माचिस मांगी। माचिस नहीं होने की बात कहने पर आरोपी ने युवक की एक्टिवा में तोड़फोड़ कर उसके साथ मारपीट की।

एसआईआर के खिलाफ दिल्ली में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, भूपेश-महंत समेत सभी विधायक रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च की तैयारी, बैज और महंत भी होंगे शामिल

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस सोमवार को दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। प्रदर्शन में शामिल होने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस विधायक रविवार देर शाम दिल्ली पहुंचे। पार्टी हाईकमान के बुलावे पर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों की दिल्ली में बैठक भी होगी, जिसमें आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और सभी कांग्रेस विधायक शामिल होंगे। पार्टी सोमवार को एसआईआर के विरोध में सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकालने की तैयारी है।



दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा जा रहा : बघेल

दिल्ली रवाना होने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एसआईआर की प्रक्रिया और दिल्ली में प्रदर्शनकारियों के साथ किए जा रहे व्यवहार को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, एसआईआर के मुद्दे पर सोमवार को दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में प्रदर्शन होगा, जिसमें शामिल होने के लिए वे जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा जा रहा है और उन्हें विरोध-प्रदर्शन तक नहीं करने दिया जा रहा है। श्री बघेल के मुताबिक, सरकार और पुलिस किस तरह काम कर रही है, यह इससे स्पष्ट दिखाई देता है।

'चुन-चुनकर काटे जा रहे हैं नाम'

पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि अब तक 13 करोड़ लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जा चुके हैं। नामों को चुन-चुनकर हटाया गया है। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है और इसे मताधिकार से जुड़ा गंभीर मुद्दा बता रही है। इंडिया गठबंधन के प्रस्तावित प्रदर्शन में मतदाता सूची के पुनरीक्षण और निर्वाचन आयोग की भूमिका को लेकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

हर सेक्टर में बीते साल से ज्यादा कारोबार की संभावना

दीपावली तक बाजार पर बरसेगी लक्ष्मी की कृपा, 15 हजार करोड़ का कारोबार संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि के पहले दिन से ही प्रदेश भर के बाजारों में रौनक लौट आई है। नवरात्रि से लेकर दीपावली तक त्योहारी सीजन में इस बार बाजारों में जमकर धन बरसेगा। हर सेक्टर में बीते साल से ज्यादा कारोबार होने की संभावना है। बीते साल जहां दस हजार करोड़ के स्थान पर 13 हजार करोड़ से ज्यादा का व्यापार हुआ था, वहीं इस बार 15 हजार के कारोबार का अनुमान है। कीमत ज्यादा होने के बाद भी सराफा में चार हजार करोड़ के आसपास कारोबार होने की उम्मीद हुआ। कपड़ा बाजार में जहां करीब तीन हजार करोड़ का कारोबार होगा, वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में करीब तीन हजार करोड़ के वाहन बिकने की संभावना है। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फर्नीचर, बर्तन को मिलाकर भी तीन हजार करोड़ के आसपास कारोबार होगा। पटाखा और मिठाई का हजार करोड़ का कारोबार होने की संभावना है। रियल एस्टेट में हजार से 12 सौ करोड़ के मकान और प्लाट बिकने की संभावना है।

त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से होता है। रविवार से नवरात्रि का प्रारंभ हो गया है। इसी के साथ बाजार में भी रौनक लौटी है। इस बार भी नवरात्रि से लेकर दीपावली तक हर सेक्टर का बाजार गुलजार रहेगा। नवरात्रि इस बार दस दिनों की होने के कारण जहां लगातार दस दिनों तक खरीदारी होगी, वहीं पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर भी जमकर बाजार में धन बरसेगा। पुष्य नक्षत्र पर जहां दो हजार करोड़ से ज्यादा और धनतेरस पर एक ही दिन में चार हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा।

खास खबर

फैक्ट फाइल

- 4000 करोड़ का बिकेगा सोना-चांदी
- 3000 करोड़ के बिकेंगे कपड़े
- 3000 करोड़ के बिकेंगे वाहन
- 2000 करोड़ के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम
- 1000 करोड़ बिकेंगे पटाखे और मिठाई





सबसे ज्यादा बिकेगा सोना और चांदी

सोने और चांदी की कीमत इस बार आसमान पर है। सोना इस समय डेढ़ लाख के पार है। धनतेरस तक इसके दाम एक लाख 60 हजार के पार जाने की संभावना है। बीते साल धनतेरस पर सोना एक लाख 31 हजार और चांदी की कीमत 1 लाख 70 हजार के आसपास थे। चांदी के दाम इस समय सवा दो लाख हैं। इसके बाद भी सोने और चांदी की सबसे ज्यादा खरीदारी होगी। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा। पूरे त्योहारी सीजन में सराफा में चार हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। सराफा कारोबार लक्ष्मीनारायण लाहोटी के मुताबिक, कीमत ज्यादा होने के बाद भी बीते साल की तरह ही उम्मीद से ज्यादा कारोबार होने का अनुमान है।

तीन हजार करोड़ के बिकेंगे कपड़े

कपड़ों की नवरात्रि से जमकर खरीदारी प्रारंभ हो गई है। अब लगातार दीपावली के एक दिन पहले तक कपड़ों का बाजार गुलजार रहेगा। प्रदेशभर के ग्राहकों के साथ कारोबारी भी पंडरी कपड़ा बाजार में खरीदारी करने पहुंचेंगे। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक, प्रदेश के शहरों के साथ आसपास के राज्यों के कारोबारी भी खरीदारी करने आने लगे हैं। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी है। ऐसे में लोग जमकर खरीदारी करेंगे। सीजन में तीन हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे छत्तीसगढ़ में रेडीमेड कपड़ों को मिलाकर हो जाएगा।

बिकेंगे एक लाख से ज्यादा वाहन

नवरात्रि के पहले दिन से वाहनों की बिक्री प्रारंभ हो गई है। नवरात्रि में 9 दिनों के लिए जमकर पहले ही बुकिंग हुई है। अब यह सिलसिला लगातार दीपावली तक चलेगा। त्योहारों में सबसे ज्यादा बाइक की बिक्री होती है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक सीजन में दीपावली तक 80 हजार से ज्यादा दुपहिया वाहन बिकेंगे। इसी के साथ 15 हजार से ज्यादा कारें और अन्य वाहन बिकेंगे। कुल मिलाकर एक लाख से ज्यादा वाहन बिकेंगे। इनकी अनुमानित कीमत तीन हजार करोड़ होगी। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक त्योहारी सीजन में दीपावली तक बीते साल से ज्यादा अच्छा कारोबार होने की संभावना है।



15 हजार करोड़ का कारोबार संभव

प्रदेश में नवरात्रि से लेकर दीपावली तक के पूरे त्योहारी सीजन में सभी सेक्टरों को मिलाकर 15 हजार के आसपास कारोबार होने की संभावना है।

- अमर पारवानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कैट

तीन हजार करोड़ के बिकेंगे मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक आइटम और फर्नीचर

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी गुलजार हो गया है। एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलईडी से लेकर किचन के सामान, मोबाइल, लेपटॉप, फर्नीचर और बर्तनों को मिलाकर तीन हजार करोड़ के कारोबार की संभावना है। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक अब तो गांवों के लोग भी महंगे मोबाइल और महंगे एलईडी लेने लगे हैं। ऐसे में संभावना है कि बीते साल से ज्यादा कारोबार होगा।

हजार करोड़ के बिकेंगे पटाखे और मिठाई

दीपावली का त्योहार मिठाई और पटाखों के बिना फीका रहता है। जहां एक तरफ प्रदेश भर में मिठाई और ड्राई फ्रूट्स को मिलाकर पांच सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा, वहीं पटाखों का कारोबार भी पांच से छह सौ करोड़ के आस-पास होगा। पटाखों की कीमत ज्यादा में इस साल भी 15 से 20 फीसदी का इजाफा हुआ है, इसके बाद भी इसका कारोबार बीते साल से ज्यादा होने की संभावना है।

रियल एस्टेट में रहेगा बूम

इस बार रियल एस्टेट में भी बूम रहने की संभावना है। नए साल में भी प्रदेश भर में कई योजनाएं आईं है। ज्यादा कीमत वाले मकान निवेशक भी बहुत लेते हैं। वैसे अब आम खरीदार भी महंगे मकान लेने लगे हैं। छोटे मकानों की भी बड़ी डिमांड रहती है। इसी के साथ प्लाट भी बहुत बिकते हैं। दीपावली तक हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है।

राजीव भवन के पास प्रदर्शन की अनुमति पर कांग्रेस की आपत्ति

पुलिस कमिश्नर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन के समीप राजनीतिक प्रदर्शन की अनुमति दिए जाने को लेकर कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर मांग की है कि भारतीय जनता पार्टी या किसी अन्य राजनीतिक दल को राजीव भवन के आसपास प्रदर्शन के लिए जगह नहीं दी जाए। साथ ही प्रदर्शनकारियों की बैरिकेडिंग कांग्रेस मुख्यालय से दूर करने की मांग की गई है। पुलिस कमिश्नर को लिखे पत्र में श्री गैंदू ने आरोप लगाया कि 22 जुलाई को भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शंकर नगर का घेराव किया था। इस दौरान कांग्रेस भवन पर पथराव और अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, उस समय भी कांग्रेस ने मुख्यालय के नजदीक प्रदर्शनकारियों को आने देने और चारदीवारी के पास बैरिकेडिंग किए जाने पर आपत्ति जताई थी। पत्र के मुताबिक, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ चर्चा के दौरान पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस भवन से एक किलोमीटर दूर प्रदर्शन रोकने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद 10 अक्टूबर को भाजपा महिला मोर्चा के प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस मुख्यालय के समीप बैरिकेडिंग किए जाने पर पार्टी ने फिर नाराजगी जताई है।



- कांग्रेस मुख्यालय से एक किलोमीटर दूर रोके जाएं प्रदर्शनकारी : मलकीत

चैंबर ने किया अग्रसेन शोभायात्रा का स्वागत

रायपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर समाजसेवा, सद्भाव और एकता का संदेश प्रसारित करने भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राठौर चौक, नेमीचंद गली के पास शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा समेत चैंबर के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

डामर के दाम अब भी डबल 10 हजार करोड़ की सड़कें अटकीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डामर के दाम में अब तक राहत न मिलने के कारण मानसून के बाद प्रदेश की सड़कों का काम फिर से प्रभावित हो गया है। प्रदेश में दस हजार करोड़ की सड़कें डामर की कीमत ज्यादा होने के कारण नहीं बन पा रही हैं। इस समय डामर की कीमत जीएसटी के साथ 95 हजार रुपए टन है। इसके दाम साल के प्रारंभ में 45 से 50 हजार के करीब थे। फरवरी से इसके दाम बढ़ते-बढ़ते एक लाख के पार हो गए थे, लेकिन अब भी वापस पुराने दाम नहीं आने के कारण ठेकेदारों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। ठेकेदारों ने प्रदेश सरकार से मार्च 27 तक बढ़े दाम की क्षतिपूर्ति की मांग रखी है। पहले जून तक तक क्षतिपूर्ति दी गई थी। इसी के साथ भवनों के भी करीब चार हजार करोड़ के काम मटेरियल के दाम बढ़ने के कारण प्रभावित हो गए हैं। डीजल की बढ़ी कीमत के कारण इस साल डामर के दाम बहुत ज्यादा बढ़े हैं। ऐसे में मानसून के पहले प्रदेश की सभी सड़कों का काम रुक गया था। केंद्र और राज्य सरकार से राहत के बाद कुछ जरूरी सड़कों का काम पूरा हुआ। इसमें राजधानी रायपुर का कचना ओवरब्रिज भी शामिल है। इसका काम ठेकेदार ने डामर के डबल दाम देकर पूरा किया था, लेकिन प्रदेश सरकार से राहत के इंतजार में ज्यादातर काम अटके रहे।

- मटेरियल के दाम बढ़ने से भवन के भी चार हजार करोड़ के काम अटके



चार हजार करोड़ के भवनों के काम भी फंसे

प्रदेश में भवनों के भी करीब चार हजार करोड़ के काम चल रहे हैं। चार बड़े मेडिकल कॉलेज के ही 16 सौ करोड़ के काम है। इसी के साथ और कई काम चल रहे हैं। नया रायपुर में माध्यमिक शिक्षा मंडल का भवन 36 करोड़ में बनना है। इसका टेंडर भी इस साल हुआ है। लेकिन मटेरियल के दाम आसमान पर जाने के कारण इस भवन के साथ ही सभी भवनों के काम भी अटक गए हैं। इस समय जहां सीमेंट के दाम अचानक से रुपए बढ़ा दिए गए हैं। वहीं सरिया के दाम भी करीब 13 हजार रुपए टन पर बढ़ गए हैं। अन्य मटेरियल के दाम भी बहुत बढ़ गए हैं।

प्रदेश सरकार से राहत की मांग

डामर के काम के लिए मार्च 2027 तक क्षतिपूर्ति के साथ जिन भवनों के काम में मूल्य वृद्धि का प्रावधान नहीं है, उसमें भी मूल्य वृद्धि की मांग सरकार के सामने रखी है।

- रूपेश सिंघल, अध्यक्ष, बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़

ये सड़कें अटकीं

इस समय प्रदेश में सेंट्रल रिजर्व फंड से दो हजार करोड़ की सड़कों का काम चल रहा है। इसी के साथ लोक निर्माण विभाग का तीन हजार करोड़ की सड़कों का काम है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में दो हजार करोड़ से ज्यादा का काम है। इसी के साथ अन्य कामों को मिलाकर करीब दस हजार करोड़ का सड़कों का ही काम चल रहा है। यह सारा काम डामर के दाम ज्यादा होने के कारण अटक गया है। ठेकेदारों का कहना है कि पुराने टेंडर के रेट पर काम करना संभव नहीं है। केंद्र सरकार ने अपनी योजना वाली सड़कों के लिए दिसंबर 26 तक क्षतिपूर्ति की मंजूरी दे दी है। ऐसे में इनके काम दीपावली के बाद प्रारंभ हो जाएंगे।

बोरियाखुर्द में भूमिपूजन से हुआ 'दशहरा महोत्सव' का श्रीगणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बोरियाखुर्द के खेल मैदान में पांचवें वर्ष भी 'दशहरा सांस्कृतिक महोत्सव एवं भव्य रावण दहन' का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस विशाल आयोजन की तैयारियों का औपचारिक शुभारंभ रविवार को सुबह 9 बजे विधि-विधान से भूमिपूजन के साथ किया गया। दशहरा सांस्कृतिक महोत्सव समिति एवं क्षेत्र के रहवासियों के संयुक्त तत्वावधान में हुए भूमिपूजन में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई। समिति के सदस्यों ने आगामी 20 अक्टूबर को होने वाले मुख्य आयोजन को निर्विघ्न संपन्न करने और क्षेत्रवासियों की सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना की।

भूमिपूजन के शुभ अवसर पर दशहरा सांस्कृतिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष लच्छूराम निषाद, वार्ड पार्षद सुषमा साहू मौजूद रहीं।



वहीं ऋषि साहू, रमेश नंदे, रुद्रकुमार साहू, द्विजराम साहू, कोमल साहू, रामजी साहू, जेके विश्वकर्मा, रोशनलाल साहू, फलेश्वर साहू, जगदीश सोनी, दूजराम साहू सहित समिति के सभी पदाधिकारी, समर्पित कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की गई। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र के लोग एकजुट होकर 5वें वर्ष भी उत्सव को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हुए हैं।

जीएसटी सुधारों पर वित्तमंत्री चौधरी से मिला कैट, व्यापारी हितों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य भेंट कर जीएसटी व्यवस्था में सुधार एवं व्यापारियों के हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों की ओर से वित्तमंत्री श्री चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें जीएसटी की राष्ट्रीय लॉ कमेटी में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व मिलने पर शुभकामनाएं दीं। कैट प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण समिति में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व मिलना प्रदेश के व्यापारिक जगत के लिए महत्वपूर्ण है। श्री पारवानी ने कहा कि इससे प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं, कठिनाइयों एवं अपेक्षाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से रखने का अवसर मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल में परमानंद जैन, अवनीत सिंह भाटिया, भारत जैन, कैलाश खेमानी, शंकर बजाज, नीलेश मुंधड़ा, बलराम आहूजा, जयराम कुकरेजा, चंद्रकुमार डोडवानी, कांति पटेल, रतन सिंह, विशाल वरयानी आदि शामिल रहे।



- अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रदेश के व्यापारियों की ओर से किया आभार व्यक्त

चार नगर निगम क्षेत्रों में दौड़ेंगी 240 ई-बसें, चयनित एजेंसी से हुआ करार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में कुल 240 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जाएंगी। इसके लिए उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की मौजूदगी में चारों नगर निगमों और चयनित एजेंसी चार्टर्ड स्पीड लिमिटेड के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। विभाग की योजना नवंबर में बिलासपुर और भिलाई में 20-20 ई-बसों का संचालन शुरू करने की है।

- रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई एवं कोरबा में 240 ई-बसों का होगा संचालन



मोबाइल एप से मिलेगी बसों के रूट की जानकारी : ई-बस सेवा में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा। प्रत्येक बस में छह कैमरे लगाने का प्रावधान है। यात्री मोबाइल एप के माध्यम से बसों के मार्ग की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। टिकट भुगतान के लिए मोबाइल स्कैनर और ऑनलाइन टिकट जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की योजना है। इन बसों के जरिए शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, दर्शनीय स्थलों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक आवागमन को सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया जाएगा।

रायपुर को सबसे ज्यादा 100 बसें

योजना के पहले चरण में रायपुर में 100 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। वहीं, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई को 50-50 तथा कोरबा को 40 बसें मिलेंगी। इन बसों के संचालन से शहरों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर होने के साथ नागरिकों को आवागमन के लिए एक आधुनिक विकल्प उपलब्ध होगा।

विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण : साव

नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हुए कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा स्वच्छ, हरित और विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण यातायात, वायु प्रदूषण और ईंधन की खपत जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करने, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और ध्वनि प्रदूषण में कमी लाने में मदद मिलेगी।

समयसीमा में पूरी होंगी तैयारियां

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा, योजना को सफल बनाने के लिए चार्जिंग स्टेशन, डिपो, बस स्टॉप और रखरखाव केंद्र जैसी सुविधाओं का समय पर विकास करना होगा। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय और निर्धारित समयसीमा में तैयारियां पूरी करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में रायपुर की महापौर मीनल चौबे, बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी, कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत, दुर्ग महापौर अलका बाघमार और बिरगांव के महापौर नंदलाल देवांगन सहित विभिन्न नगर निगमों के आयुक्त एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान चारों शहरों में संचालित होने वाली ई-बसों के रंग और कटआउट का भी विमोचन किया गया।

खबर संक्षेप

पोस्टर हटाने के आरोप निराधारः डॉ. संदीप जैन

आरंग। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने दुर्गोत्सव समिति के पोस्टर हटाए जाने को लेकर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीतिक बयानबाजी अनुचित है। डॉ. जैन ने कहा कि नवरात्रि का पवित्र पर्व आरंग सहित पूरे देश में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। मां दुर्गा के नौ दिवसीय अनुष्ठान और विशेष रूप से महामाया पारा में स्थापित होने वाली बड़ी दुर्गा प्रतिमा को लेकर आरंगवासियों में विशेष उत्साह रहता है। उन्होंने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर को महामाया पारा दुर्गोत्सव समिति द्वारा विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सार्वजनिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पोस्टर लगना स्वाभाविक है। राजनीतिक द्वेष के चलते पोस्टर हटवाने का आरोप लगाना पूरी तरह निराधार है। नगर पालिका अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया है, जो अनुचित है। डॉ. जैन ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के सहयोग से आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

कूंरा में 11 दिवसीय श्री राम लीला का मंचन प्रारंभ

कूंरा। नगर पंचायत कूंरा के बाजार चौंक स्थित रंग मंच में शनिवार को रात्रि 8 बजे 11 दिवसीय श्री राम लीला का मंचन कार्यक्रम नारद मोह की लीला से प्रारंभ किया गया। शुभारंभ के मौके पर नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू, पार्षद प्रधान देवांगन, पूर्व पार्षद ललित सिंहा, प्रेमलाल पाल, पवन साहू ने भगवान विष्णु जी की पूजा अर्चना कर श्री फल तोड़कर प्रारंभ किया। राम लीला परिवार के अध्यक्ष बलराम देवांगन, अमीन उल्ला खान, कल्लू रजक ने बताया कि द्वितीय दिवस को राम जन्म, तृतीय दिवस मुनि आगमन, चतुर्थ दिवस धनुष यज्ञ, पंचम दिवस राम सीता विवाह, षष्ठ दिवस राम वनवास, सप्तम दिवस सीता हरण, अष्टम दिवस लंका दहन, नवम दिवस विभीषण शरणागति, दसम दिवस लक्ष्मण शक्ति एवं 11 वे दिन एकादश को दशहरा के मौके पर कुंभकरण, मेघनाथ एवं रावण वध का लीला मंचन किया जाएगा। कूंरा में श्री राम लीला मंचन का कार्यक्रम काफी लंबे वर्षों से होते आ रहे है जो आस पास क्षेत्र में प्रसिद्ध है।

भानसोज में विराजीं मां दुर्गा

आरंग। मानस भवन दुर्गोत्सव समिति भानसोज के तत्वावधान में इस वर्ष शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा और उनके नौ रूपों का ग्राम में अत्यंत भव्य और अलौकिक आगमन हुआ। समिति के सदस्य वरुण साहू ने बताया कि मां भवानी की प्रतिमा के स्वागत में आयोजित कार्यक्रमों ने पूरे गांव को भक्तिमय और उल्लास से सराबोर कर दिया। मां के स्वागत में विशेष रूप से प्रस्तुत किए गए पारंपरिक 'घूमाल' और 'गोरिला' नृत्य ने समां बांध दिया। कलाकारों की ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही मां दुर्गा के आगमन के समय की गई मनमोहक और भव्य आतिशबाजी ने भानसोज के आकाश को रोशनी से जगमगा दिया, जिसने उपस्थित सभी ग्रामवासियों का दिल जीत लिया। इस ऐतिहासिक और भव्य स्वागत समारोह में ग्राम भानसोज सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हर कोई मां के दर्शन और इस अद्भुत उत्सव का साक्षी बनने के लिए उत्सुक दिखाई दिया।

निधन

आरती मिश्रा

आरंग। स्थानीय निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री आरती मिश्रा 76 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम कार्यक्रम मुक्तिधाम में किया गया। कार्यक्रम में समाज परिवार सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल थे। वह रविकांत मिश्रा की पत्नी एवं रितेश व चंद्रेश मिश्रा की माता थी।



ग्राम खपरी में मां बंजारी शक्ति पीठ प्रांगण में 20 लाख के रंगमंच शेड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसीवा/सिलयारी

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरी स्थित श्री माँ बंजारी शक्ति पीठ ट्रस्ट प्रांगण में एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार और पूरे विधि-विधान के साथ 20 लाख की लागत से बनने वाले आधुनिक रंगमंच शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन व शिलान्यास किया। इसके पश्चात उन्होंने माँ बंजारी मंदिर में भक्तिभाव से मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना की। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा

सांस्कृतिक एवं धार्मिक मान्यताओं का संरक्षण ही वास्तविक प्रगति : अनुज शर्मा



क्षेत्र के कोने-कोने में बहेगी विकास की गंगा

विकास की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए विधायक ने कहा कि विकास केवल सड़कों और नालियों तक सीमित नहीं होता, बल्कि सांस्कृतिक एवं धार्मिक मान्यताओं का संरक्षण ही वास्तविक प्रगति है। उन्होंने धरसीवां के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र के कोने-कोने में विकास की गंगा अविरल बहती रहेगी। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग के पूरा होने से अब परिसर में होने वाले सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुरक्षित और बेहतर मंच उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष खेमलाल नायक, बंगोली मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत साहू, दीपक तिवारी, जगमोहन साहू, मारुतिनंदन वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, हीरानंद हरिरमाणि सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



कि नवरात्रि केवल एक तिथि नहीं, बल्कि सनातन आस्था और सांस्कृतिक चेतना के जागरण का पर्व है। उन्होंने रंगमंच शेड के महत्व को रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि यह केवल ईंट-सीमेंट का ढांचा मात्र नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज को एक सूत्र में पिरोने और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, रामलीला तथा धार्मिक आयोजनों को सहेजने का सशक्त केंद्र बनेगा।

पर्व : श्रद्धा के साथ नवरात्रि पर्व की शुरुआत

देवी मंदिरों में जले आस्था के कलश, उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

ग्राम लखौली स्थित मां खल्लारी मंदिर में 119 मनोकामना ज्योतियां प्रज्वलित की गईं। ज्योतियों की सुनहरी रोशनी से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। दीपों की लौ के बीच श्रद्धा और आस्था का अनुपम दृश्य नजर आया। मनोकामना ज्योतियां प्रज्वलित कर श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना की। हिंदू धर्म में ज्योतियां प्रज्वलित करने की परंपरा को श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि सच्चे मन से मां की आराधना करने पर भक्तों को आत्मिक शांति और संबल मिलता है। इसी आस्था के साथ खल्लारी मंदिर में प्रज्वलित 119 ज्योतियां भक्तों की अटूट श्रद्धा का संदेश दे रही हैं। मंदिर में जलती ज्योतियों का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

सांकरा के देवरानी-जेठानी महामाई मंदिर में 445 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



तरपोंगी। सांकरा स्थित देवरानी-जेठानी नाला महामाई मंदिर में क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर कुल 445 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर समिति के अनुसार इस वर्ष श्रद्धालुओं द्वारा 80 घृत और 365 तेल के दीप प्रज्वलित किए गए हैं, जिसके चलते पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

चपरीद के सत्ती मंदिर में जलीं 109 मनोकामना ज्योतियां

आरंग। रविवार को शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के प्रथम दिन क्षेत्र के प्रसिद्ध सत्ती मंदिर, चपरीद में अपार श्रद्धा और भक्तिमय माहौल के बीच विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सत्ती सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में कुल 109 मनोकामना ज्योति कलश (दीप) विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रज्ज्वलित किए गए। प्रातःकाल से ही घटस्थापना और माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सत्ती सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं ग्राम पुरोहित महाराज के सानिध्य में विशेष पूजा-पाठ, मंत्रोच्चार और महाआरती संपन्न हुई, जिसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलन का शुभारंभ किया गया। एक साथ 109 दीपों के जगमगाने से पूरा मंदिर परिसर माता के जयकारों और शंख-घंटियों की ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन इस भव्य आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। सत्ती सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में सुरक्षा, दर्शन और महाप्रसाद वितरण की व्यापक व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। अनुष्ठान के उपरांत उपस्थित सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया तथा क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई।



चोरभट्ठी प्रीमियर लीग सीजन–2 में विजेता टीम को मिले 80 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



चोरभट्ठी प्रीमियर लीग (सीपीएल) सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। फाइनल मैच का समापन छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) वेदराम मनहरे ने किया। विजेता टीम को 80 हजार रुपये नकद एवं चमचमाती ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 40 हजार रुपये एवं ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 20 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वेदराम मनहरे ने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। बंजारी धाम चोरभट्ठी में क्रिकेट के अलावा जनसेवा से जुड़े कई कार्य भी किए गए। इनमें एमबीबीएस डॉक्टर की उपस्थिति में खिलाड़ियों एवं आम लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, प्राथमिक स्वास्थ्य परामर्श, प्राथमिक चिकित्सा एवं आपातकालीन व्यवस्था शामिल रही। कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। महिला दर्शकों के सम्मान में लकी ड्रॉ के माध्यम से 10 महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया गया।

स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता फैलाने वाले युवाओं एवं स्थानीय लोगों को सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग में चयनित युवाओं को भी मंच पर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक सहित अन्य विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन में मनोरंजन के लिए डीजे, नृत्य एवं ध्वनि प्रणाली की व्यवस्था भी की गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वेदराम मनहरे, उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा), छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग, टाकेश्वरी मुरली साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, खिलेश देवांगन पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, सचिन डहरिया प्रतिनिधि जनपद सदस्य, संजय ग्रीतलहरे एवं लुकेश साहू, सभापति जनपद पंचायत आरंग, राजेश बारले, सरपंच ग्राम कोसली, शुभम कुर्रे, ग्राम पंचायत रसौटा, राकेश पटेल, सरपंच ग्राम कोरासी, विष्णु यादव, सरपंच परसदा, प्रीति चंद्रशेखर साहू, पूर्व जनपद सदस्य आरंग, विकास देव, सरपंच ग्राम चोरभट्ठी, मिलन गायकवाड़, उपसरपंच ग्राम चोरभट्ठी, लाला साहू, डी. वर्मा कप्तान, बलीराम टंडन, पूर्व सरपंच चोरभट्ठी, टीकू साहू, घनश्याम साहू, सतीश साहू, त्रिलोचन निषाद, अंकित वर्मा, भानु साहू, दुर्गेश निषाद, राकेश पांडेय, प्रशांत वर्मा, परमेश्वर, योगेश साहू, जितेंद्र निषाद, नैतिक, नमन, विकास, तपन बंछोर, राहुल साहू, पोखन यादव, रवि साहू एवं विक्रम वर्मा सहित ग्रामीण और क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

आरंग में अग्रसेन महाराज की जयंती मनाई गई



आरंग। अग्रसेन योगासन शाखा एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर, अग्रवाल पारा आरंग में अग्रसेन महाराज की जयंती मनाई गई। अग्रसेन योगासन शाखा, अग्रवाल पारा आरंग में नित्य दिनचर्या के आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग एवं संघ प्रार्थना के बाद मुख्य अतिथि आशुतोष अग्रवाल, कार्यक्रम के अध्यक्ष जयशंकर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक अग्रवाल द्वारा अग्रसेन महाराज एवं भारत माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि आशुतोष अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में अग्रसेन महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपने नगर अग्रोहा में बसने वाले लोगों को एक ईंट एवं एक रुपये सहयोग के रूप में देने की परंपरा शुरू की थी, ताकि वे अपना घर बना सकें एवं व्यवसाय कर सकें। इस प्रकार अग्रसेन महाराज ने मानव समानता एवं दान की महत्ता को चरितार्थ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष जयशंकर अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन महाराज अहिंसा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने यज्ञों में पशु बलि प्रथा का विरोध किया और क्षत्रिय वर्ण छोड़कर वैश्य वर्ण अपनाया। उन्होंने व्यापार एवं कृषि के माध्यम से समाज को आर्थिक रूप से समृद्ध करने का प्रयास किया। आज अग्रवाल समाज उनके आदर्शों का पालन करते हुए स्वयं एवं देश की सेवा कर रहा है। डॉ. आलोक अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन महाराज ने समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शिक्षा हेतु विद्यालय, स्वास्थ्य के लिए चिकित्सालय, यात्रियों के लिए धर्मशाला, पेयजल की व्यवस्था एवं महिलाओं के सम्मान सहित अनेक व्यवस्थाएं कीं। उनके महान कार्यों के कारण भारत सरकार ने वर्ष 1976 में उनके नाम पर एक डाक टिकट जारी किया। वर्ष 1995 में एक मालवाहक का नाम भी अग्रसेन महाराज के नाम पर रखा गया। इस अवसर पर रविंद्र अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल, अभिनेष अग्रवाल, ओम गुप्ता, बलराम साहू, गिलेश्वर साहू, शंकर पाल, गोपाल पाल, शंकर यादव, बाबू गुलाब दास एवं रामकुमार कंसारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार ठाकुर ने किया तथा आभार बृजेश अग्रवाल ने व्यक्त किया।

निलेश कुमार वर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि



रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर (एनआईटी रायपुर) के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के शोधार्थी निलेश कुमार वर्मा ने अपनी पीएचडी सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। उनकी इस उल्लेखनीय और प्रेरणादायक उपलब्धि से उनके परिवार, संस्थान और धरसीवां क्षेत्र में अत्यंत गर्व तथा खुशी का माहौल है। निलेश कुमार वर्मा सेवानिवृत्त अतिरिक्त सीईओ यूएस वर्मा के सुपुत्र हैं। निलेश कुमार वर्मा ने अपना यह महत्वपूर्ण शोध कार्य डॉ. के. जयराम नाइक के कुशल और सहयोगात्मक मार्गदर्शन में संपन्न किया है। उनके शोध का मुख्य विषय "डेवलपमेंट ऑफ ऑप्टिमाइज्ड सर्विस प्लेसमेंट फ्रेमवर्क फॉर इम्प्रूव्ड परफॉर्मेंस डायनेमिक्स इन एज-फॉग कंप्यूटिंग" रहा। अपनी इस विस्तृत और गहन शोध यात्रा के दौरान उन्होंने आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में तेजी से उभरती तकनीकों जैसे फॉग एवं एज कंप्यूटिंग, सर्विस प्लेसमेंट, कंटेंट कैशिंग, टास्क ऑफलोडिंग, शेड्यूलिंग, लोड बैलेंसिंग, ग्राफ रिइन्फोर्समेंट लर्निंग तथा मल्टी-ऑब्जेक्टिव ऑप्टिमाइजेशन पर विशेष रूप से केंद्रित होकर कार्य किया।

गुणवत्ता व सुरक्षा में शारडा एनर्जी ने जीते 10 स्वर्ण पदक

धरसींवा। औद्योगिक जगत में कार्यकुशलता, सुरक्षा व्यवस्था और गुणवत्ता के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को सिद्ध करते हुए धरसींवा-सिलतरा उद्योग नगर के प्रतिष्ठित उद्योगों में गिनती होने वाले शारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड ने भिलाई में आयोजित प्रतिष्ठित स्पर्धा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर कंपनी का नाम रोशन किया है। क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 17वें चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स भिलाई चैप्टर में कंपनी की दस प्रतिभागी टीमों ने अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, सुधारात्मक पहलों और नवाचार का प्रदर्शन करते हुए सभी 10



श्रेणियों में 'स्वर्ण पदक' हासिल किए। इस गरिमामयी प्रतियोगिता में मध्य भारत की अग्रणी औद्योगिक इकाइयों के मध्य शारडा एनर्जी की टीमों ने अपनी तकनीकी दक्षता और सामूहिक प्रयासों की अमिट छाप छोड़ी। इस वर्ष आयोजित हुआ यह सम्मेलन कंपनी के इतिहास में एक विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसमें पहली बार मानव संसाधन विभाग की टीम 'कॉनकार' ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। बी. सत्यनारायण, अंकुर शर्मा और साकेत वर्मा के कुशल नेतृत्व वाली इस टीम ने यह सिद्ध कर दिखाया कि कार्यकुशलता और प्रक्रियात्मक सुधार केवल उत्पादन या तकनीकी प्रभागों तक सीमित नहीं हैं। प्रशासनिक और मानव संसाधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र भी दैनिक प्रक्रियाओं में निखार लाकर सांगठनिक प्रगति में ऐतिहासिक योगदान दे सकते हैं।

इस अभूतपूर्व पहल और समर्पण के लिए मानव संसाधन टीम को भी प्रतिष्ठित 'स्वर्ण पदक' से सम्मानित किया गया।

कूंरा में शारदीय नवरात्रि की धूम

कूंरा। क्वांर नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर नगरपंचायत कूंरा के शिव मंदिर चौंक रानी लक्ष्मीबाई वार्ड 15 में दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त वार्ड वासियों के सहयोग से 9 दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का कार्यक्रम 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक रखा गया है जिनके कथा व्यास आचार्य हरीश चतुर्वेदी जी है। कथा व्यास दोपहर 2 बजे से शाम तक किये जाएंगे। भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ के मौके पर रविवार को डीजे की भक्ति धुन के साथ भव्य कलश यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण कराकर भागवत स्थल में समापन किया गया।

7 अक्टूबर 2021 को की थी पदयात्रा की शुरुआत

पांच साल की पदयात्रा पूरी कर लौटे सौरभ, जारा में होगा अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छत्तीसगढ़ की माटी के सपूत एवं साहसी युवा सौरभ देवांगन (घूमक्कड़ सौरभ) की पांच वर्षों की ऐतिहासिक पदयात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार, 12 अक्टूबर को उनके गृह ग्राम सिद्धेश्वर धाम जारा में भव्य नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के माध्यम से उनकी पांच वर्षों की यात्रा के अनुभवों, संघर्षों, चुनौतियों और उपलब्धियों को साझा किया जाएगा। यह पूरे देशवासियों के लिए गौरव का अवसर है और युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देगा। सौरभ देवांगन ने 7 अक्टूबर 2021 को अपनी ऐतिहासिक पदयात्रा की शुरुआत की थी। पांच वर्षों तक निरंतर यात्रा करते हुए उन्होंने भारत के सभी 28 राज्यों एवं केंद्र शासित



प्रदेशों में 20,000 किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा पूरी की। उनकी यह यात्रा साहस, दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और देश के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। कोरासी राज देवांगन समाज के सचिव सोहन लाल देवांगन ने कहा कि यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। आज के दौर में युवा अपने भविष्य और करियर को लेकर विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में सौरभ देवांगन की पांच वर्षों की पदयात्रा धैर्य, अनुशासन, साहस और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देती है।

विविधता और एकता का संदेश

कोरासी राज देवांगन समाज के सचिव सोहन देवांगन ने समस्त देवांगन समाज जारा की ओर से क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं एवं कोरासी राज देवांगन समाज के सभी गांवों के देवांगन सदस्यों से स्वागत-अभिनंदन समारोह में शामिल होने की अपील की है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारती मोनू साहू, जिला पंचायत सदस्य, संतराम देवांगन, अध्यक्ष कोरासी राज देवांगन समाज, अनीता प्रवीण धुरंधर, जनपद सदस्य एवं रामायण धीवर, सरपंच जारा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

सौरभ देवांगन की इस लंबी पदयात्रा का महत्व केवल दूरी तय करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की विविधता, सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भी संदेश देती है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए इस प्रकार की यात्रा भारत की सांस्कृतिक विविधता, जनजीवन और सामाजिक परंपराओं को करीब से समझने का अवसर प्रदान करती है।

अभनपुर में अग्रसेन जयंती मनाई गई समाज में आपसी सहयोग पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज राजिम-अभनपुर इकाई के तत्वावधान में राजिम रोड स्थित एक व्यावसायिक परिसर में अग्रसेन जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्याम अग्रवाल , उमेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, श्रीजय अग्रवाल,संजय अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों और परिवारों में आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देना आवश्यक है। महाराजा अग्रसेन जी के अहिंसा, व्यापारिक नैतिकता एवं परोपकार के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। व्यापार के साथ सामाजिक सेवा और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं इतिहास से जोड़ना भी समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन उपेन्द्र अग्रवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन अनिल अग्रवाल ने किया। इस दौरान उपेन्द्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मणीकांत अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, विकास अग्रवाल , अजय अग्रवाल (राजिम), विनोद अग्रवाल , रंजू अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पलाश अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, रुचित अग्रवाल, रचित अग्रवाल, अनय अग्रवाल सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

> ■ अहिंसा, व्यापार और परोपकार के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक

खबर संक्षेप



माता खल्लारी मंदिर में बस्तर-सिरपुर के भक्तों ने जलाए ज्योति कलश

रायपुर। माता खल्लारी मंदिर में इस बार मनोकामना ज्योति कलश जलाने के लिए राज्य के अनेक जिलों से भक्तों ने ज्योति कलश जलाई, जिसमे बस्तर और सिरपुर के श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से ज्योति जलाई। बोरियाखुर्द स्थित माता खल्लारी सेवा समिति के सचिव शंकर साहू ने बताया कि समिति के सदस्यों ने मिलकर बड़े धूमधाम शैलपुत्री मां की आराधना की। इस अवसर पर पंडा महाराज प्रकाश साहू, जगतराम यादव, गगन साहू, भावेश साहू, सतीश साहू, आंचल, काजल, खुशबू, भारती, सनत, चेतन, खिलेश्वर, भुनेश्वर, तुषार, कालू भाई शामिल सम्मिलित रहे। मंदिर में इस बार 151 ज्योति कलश और 3 गुप्त ज्योति कलश जलाए गए हैं।

उर्स पर हज कमेटी के अध्यक्ष का सम्मान

रायपुर। हजरत शेर अली आगा रहमतुल्लाह अलैह बंजारी वाले बाबा का उर्स मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग का सम्मान किया गया। उर्स के मौके पर दरगाह पर सुबह से रात तक अकीदतमंदों का तांता लगा रहा।

निधन

सावित्री देवी जैन

रायपुर। रायपुर निवासी सावित्री देवी



जैन (86) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 अक्टूबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे नरेंद्र जैन, अभय जैन, लता जैन रायपुर, पुष्पा जैन जबलपुर एवं रचना जैन डोंगरगढ़ की माता एवं अनिल जैन की सास थीं।

मयूर सेवलानी

रायपुर। कुकरेजा फार्म हाउस के



सामने, महावीर नगर, सुविधा विहार निवासी मयूर सेवलानी (30) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अक्टूबर को किया जाएगा। वे ताराचंद सेवलानी के पुत्र और मनोज व पंकज सेवलानी के भाई थे।

पोषण शर्मा

रायपुर। ओम सोसाइटी सुंदरनगर



निवासी पोषण शर्मा आरंग वाले का 11 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे विजय, दिनेश, सुरेश, योगेश, संजय शर्मा के भाई एवं प्रणय शर्मा, गार्गी शर्मा, अमृता शर्मा के पिता थे।

रमेश बरड़िया

रायपुर। शैलेंद्र नगर फन फेस्टा ग्राउंड



निवासी रमेश बरड़िया का 11 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. मांगीलाल बरड़िया एवं रविंद्र बरड़िया के छोटे भाई और प्रांजल बरड़िया के पिता थे।

सुभाषचन्द्र शर्मा

रायपुर। टिकरापारा निवासी सुभाषचन्द्र शर्मा खिलोरा वाले (ढाऊ)



(54)का 11 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. रामकुमार तिवारी व दुर्गा बाई तिवारी के पुत्र और कमलनारायण शर्मा, अश्वनी शर्मा के भाई थे।

चार सहकारी शक्कर कारखानों के किसानों को मिलेगा 51 करोड़ बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राशि बढ़ने से गन्ना किसानों को मिलेगा फायदा, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी

छत्तीसगढ़ सरकार ने गन्ना किसानों को बड़ी राहत देते हुए गन्ना बोनस की गणना 425 रुपए प्रति क्विंटल कर दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय से पेराई सत्र 2025-26 में प्रदेश के चार सहकारी शक्कर कारखानों को गन्ना बेचने वाले 31,022 किसानों को लगभग 51.09 करोड़ बोनस मिलेगा। सरकार के इस फैसले से किसानों को उनकी उपज का बेहतर प्रतिफल मिलने के साथ खेती की लागत की भरपाई में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश के गन्ना किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा, राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बोनस की राशि बढ़ने से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे आगामी फसल की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गन्ना उत्पादन को प्रोत्साहित करने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।



प्रति क्विंटल 95.95 रुपए मिलेगा बोनस

पेराई सत्र 2025-26 के लिए बोनस की गणना में उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 329.05 प्रति क्विंटल निर्धारित आधार पर लिया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार 425 में से एफआरपी की राशि घटाने पर किसानों को 95.95 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस मिलेगा। पहले बोनस गणना का आधार 355 प्रति क्विंटल था, जिसे बढ़ाकर 425 किया गया है।

किस कारखाने के कितने किसानों को मिलेगा लाभ?

प्रदेश के चार सहकारी शक्कर कारखानों से जुड़े किसानों को मिलने वाली बोनस राशि का विवरण इस प्रकार है— सहकारी शक्कर कारखाना भोरमदेव, कवर्धा 14,961 किसानों को 24.55 करोड़ बोनस मिलेगा। सरदार पटेल, पंडरिया के 8,049 किसानों को 11.68 करोड़, महामाया, केरता के 7,250 किसानों को 11.35 करोड़ और ढंतेश्वरी मैया, बालोद के 762 किसानों को 3.52 करोड़ बोनस मिलेगा।

मतदाता सूची की जांच तेज, उत्तर विधानसभा के बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण

सूची में छूटे मतदाताओं का घर-घर जाकर होगा सत्यापन, पात्र के नाम जोड़े जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने के लिए निर्वाचन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और सुपरवाइजरों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उत्तर विधानसभा के बीएलओ और सुपरवाइजरों को मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने तथा वर्ष 2026 की एएसडी सूची के सत्यापन की प्रक्रिया समझाई गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में हुए प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर संदीप ने अधिकारियों और कर्मचारियों को तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने के संबंध में विस्तार से बताया।



18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले कर सकते हैं आवेदन

प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्धारित अर्हता तिथियों—1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर—को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाने, नामों की जांच कराने और आवश्यक संशोधनों में सहयोग देने पर भी जोर दिया गया।

घर-घर जाकर जांचेंगे एएसडी सूची में दर्ज नाम

प्रशिक्षण में एएसडी सूची के सत्यापन पर विशेष जोर दिया गया। इस सूची में अनुपस्थित (एब्सेंट), स्थानांतरित (शिफ्टेड), दोहरी प्रविष्टि वाले (डुप्लीकेट) और मृत मतदाताओं से संबंधित विवरण शामिल होते हैं। बीएलओ सूची में दर्ज नामों का घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे, ताकि संबंधित मतदाताओं की वास्तविक स्थिति की पुष्टि की जा सके। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) केएम अग्रवाल ने कहा, लोकतंत्र में बीएलओ की भूमिका महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बूथ स्तर के अधिकारियों पर है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने पर जोर

ईआरओ श्री अग्रवाल ने कहा, निर्वाचन आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे और अपात्र प्रविष्टियां नियमानुसार जांची जाएं। इसके लिए सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप और पारदर्शी तरीके से पूरी की जानी चाहिए।

स्कूल-कॉलेजों में बनेंगे वोटर अवेयरनेस क्लब

प्रशिक्षण के दौरान स्कूलों और महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता क्लब गठित करने की जानकारी भी दी गई। इन क्लबों के माध्यम से युवाओं को मतदान के महत्व से अवगत कराने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। निर्वाचन विभाग की इस पहल का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना और पात्र नागरिकों के मतदान के अधिकार की रक्षा करना है।

कारोबार विस्तार, ब्रांड बनाने और नई पीढ़ी को व्यवसाय सौंपने की प्लानिंग पर हुई चर्चा

व्यापारियों को आधुनिक सोच, मजबूत रणनीति और भविष्य की तैयारी के साथ आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से रविवार को राजधानी के एक निजी हॉटल में इंटरप्राइजेस टू लिगेसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां व्यापारियों को कारोबार बढ़ाने, अपने बिजनेस को ब्रांड बनाने और उसे भावी पीढ़ी तक सफलतपूर्वक पहुंचाने के गुर बताए गए। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बिजनेस ग्रोथ, कारोबार के विस्तार और भविष्य के लिए उत्तराधिकार की योजना बनाने के संबंध सारगर्भित जानकारी दी।

चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि व्याापारियों को अपने कारोबार बढ़ाने के साथ ही नई पीढ़ी को भी इस कार्य के लिए तैयार करना चाहिए, ताकि व्यापार-व्यवाय लंबे समय तक सुचारू रूप से चलता रहे। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में व्यापार को केवल वर्तमान लाभ तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विक्रम लिमसे ने बिजनेस ग्रोथ, ब्रांड बनाने और कारोबार का विस्तार कैसे करें, इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदलते कारोबारी परिवेश में केवल व्यापार बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि मजबूत ब्रांड पहचान, प्रभावी प्रबंधन, स्पष्ट व्यावसायिक रणनीति भी जरूरी है।

चैंबर का इंटरप्राइज टू लिगेसी कार्यक्रम



उत्तराधिकार की योजना समय रहते बनाएं : संजीव अग्रवाल

सीए संजीव अग्रवाल ने व्यवसाय को अगली पीढ़ी तक सफलतापूर्वक हस्तांतरित करने और उसकी निरंतरता बनाए रखने के विषय पर महत्वपूर्ण विचार रखे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी पारिवारिक व्यवसाय की दीर्घकालिक सफलता के लिए समय रहते उत्तराधिकार की योजना बनाना बेहद जरूरी है। इसके लिए जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण करना और व्यवसाय की संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने किया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, अमर गिदवानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, वाइस चेयरमैन चेतन तारवानी, सलाहकार तिलोकचंद बरड़िया, किशोर आहूजा, चंदर विधानी, अरविंद जैन, संतोष जैन, लखमशी पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, राधा किशन सुंदरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा, कपिल दोशी, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, दिलीप इसरानी, मनीष प्रजापति, अमरदास खट्टर, राजेश केडिया, नरेंद्र हरचंदानी, सुदेश मध्यान, जितेंद्र बड़वानी, जयचंद नवानी, हरिराम तलेराजा, सोनिया साहू, इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ अध्यक्ष नवल तिवारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

लड़कों की सोच बदलो, लड़कियों के कपड़े नहीं...सड़क पर उतरी नारी शक्ति

रैली को मोतीबाग चौक पर पुलिस ने रोका

- महिलाओं-बच्चियों पर बढ़ते अपराधों को लेकर जताया विरोध
- महिला थाना चौक से बैनर-पोस्टर लेकर निकाला मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर राजधानी रायपुर में लड़कियां सड़क पर उतरीं। महिला थाना चौक से शुरू हुए मार्च में नारी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की आवाज बुलंद करते हुए उन्होंने नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने मोतीबाग चौक के पास आगे बढ़ने से रोक दिया। मार्च के दौरान नारी सुरक्षा हमारा अधिकार है, मर्द हो या नारी, इज्जत सबको प्यारी, लड़कों की सोच बदलो, लड़कियों के कपड़े नहीं, स्लोगन वाली तख्तियां हाथों में लिए लड़कियां चल रही थीं। प्रदर्शन में युवाओं ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। नारी सुरक्षा को लेकर राजधानी में मार्च निकालते हुए लड़कियों ने स्कूल-कालेज से लेकर कार्यस्थलों तक सुरक्षा की मांग करते हुए अपने हक की आवाज बुलंद की। उनका कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसके लिए धरातल पर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। स्कूल-कालेजों, सड़कों और सार्वजनिक परिवहन और कार्यस्थलों पर सुरक्षित माहौल होना जरूरी है। महिलाएं बिना डरे से बाहर निकल सकें, इसके लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इस दौरान मुफ्त सेनेटरी पैड की उपलब्धता, छात्राओं की सुरक्षा, महिला पुलिस की गश्त, वर्क प्लेस पर महिलाओं के अधिकार, साइबर अपराधों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ितों को जल्द न्याय दिलाने जैसी मांगें रखी गईं। इन मुद्दों को लेकर मार्च में शामिल युवाओं ने शासन को 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

लिवर ट्रांसप्लांट में मदद देने का झांसा, कारोबारी से 30 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाई तथा रिश्तेदारों से जुटाए थे रुपए

हैदराबाद के निजी अस्पताल में होना था ट्रांसप्लांट

हैदराबाद के डॉक्टरों के साथ जान-पहचान होने का झांसा देकर दो जालसाजों ने लिवर ट्रांसप्लांट में मदद करने का झांसा देकर 30 लाख रुपए की ठगी की है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जिस मोबाइल नंबर से जालसाजों ने कारोबारी से संपर्क किया था, उस नंबर के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है।

महासमुंद बसना निवासी सतीश कुमार अग्रवाल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके बड़े भाई रमेश कुमार अग्रवाल का हैदराबाद के यशोदा अस्पताल में उपचार चल रहा है। लिवर ट्रांसप्लांट के लिए उन्होंने अस्पताल के अकाउंट में 50 हजार रुपए का डीडी जमा किया है। डीडी जमा करने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने कारोबारी को लिवर की उपलब्धता होने पर कॉल करने तथा 40 से 45 लाख रुपए खर्च आने की बात कही।



रायपुर में बुलाकर 30 लाख लेकर हुए रफूचक्कर

जालसाज ने कारोबारी को झांसे में लेने के बाद पैसे लेकर रायपुर आने के लिए कहा। इस पर कारोबारी ने भिलाई में रहने वाले अपने मांजे को पैसे लाकर देने की बात कही। जालसाज ने कारोबारी को किसी अनिल नाम के व्यक्ति द्वारा पैसे लेने आने की बात कही। एक अक्टूबर को जालसाज ने कारोबारी के मांजे को आजाद चौक स्थित एक जूस सेंटर में बुलाया, वहां पैसे लेने के बाद शाम को रसीद देने की बात कहकर जालसाज रकम लेकर रफूचक्कर हो गया।

लगातार कॉल कर लिया झांसे में

कारोबारी ने पुलिस को बताया कि इसके बाद संजय नाम का व्यक्ति लगातार कॉल कर संपर्क कर रहा था। कॉल करने वाला कारोबारी को उनके भाई के लिवर ट्रांसप्लांट करने मदद करने का झांसा दे रहा था। 30 सितंबर को कथित संजय नाम के व्यक्ति ने कारोबारी को कॉल कर कहा कि आपको मेरे सहयोग की आवश्यकता है तो बताओ, मैं आपका मदद करूंगा। मेरे परिचित यशोदा अस्पताल में डॉक्टर हैं। जालसाज ने लिवर ट्रांसप्लांट के लिए 40 से 45 लाख रुपए खर्च बताया और कारोबारी को 30 लाख रुपए देने पर लिवर ट्रांसप्लांट करने प्रोसेस करने का झांसा दिया।

म्यूचुअल फंड, एसआईपी, शेयर ट्रेडिंग के नाम पर दो करोड़ से ज्यादा की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाने में एक महिला ने अपनी परिचित महिला तथा उसके पति के खिलाफ खुद से तथा अपने परिजनों से 2.34 करोड़ रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दंपति ने महिला तथा उनके परिजनों को म्यूचुअल फंड, एसआईपी, शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी का शिकार बनाया। जालसाज दंपति ने महिला को उनकी रकम की सुरक्षा के नाम पर अपनी कंपनी का डायरेक्टर बनाया था।

सरोना, वॉलफोर्ट एलेन्सिया निवासी एन. हुसैन ने अमित कुमार दुबे तथा उसकी पत्नी कल्याणी दुबे के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि म्यूचुअल फंड, एसआईपी, शेयर ट्रेडिंग के लिए वे तथा उनके परिवार के अन्य सदस्य वर्ष 2024 से लेकर जुलाई 2026 तक रकम निवेश करते गए। एन. हुसैन के अनुसार, कल्याणी उनकी पूर्व परिचित हैं। पैसों की चिंता करने पर दंपति ने उन्हें पैसों की सिक्योरिटी की गारंटी दी।



जालसाज दंपति ने अपनी परिचित महिला तथा उनके रिश्तेदारों को बनाया ठगी का शिकार

पैसों की सिक्यूरिटी के लिए बनाया कंपनी का डायरेक्टर

एन. हुसैन ने अपने तथा रिश्तेदारों की पैसों की सिक्योरिटी के लिए चिंता व्यक्त की तो दंपति ने उस महिला को अपनी कंपनी जेडएनसी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड का कागजी डायरेक्टर बनाकर रकम सिक्योरिटी की गारंटी दी। डायरेक्टर बनने के बाद भी महिला का कंपनी के किसी लेन-देन, वित्तीय संचालन या बैंक खातों से कोई संबंध नहीं था। सारा काम कंपनी का सीईओ अमित कुमार करता था। कंपनी में आने वाली रकम अमित के पर्सनल अकाउंट तथा अन्य रिश्तेदारों के अकाउंट में ट्रांसफर किए जाने की महिला ने आरोप लगाया है।

मकान गिरवी रखकर ससुर ने जुटाए 1 करोड़

एन. हुसैन के ससुर ने अपना मकान बैंक में गिरवी रखकर एक करोड़ जुटाए और दंपति के सुपुर्द किए थे। जमा पैसों का रिफंड आना बंद होने के बाद महिला ने कल्याणी की मां से संपर्क किया। कल्याणी की मां ने तब उन्हें उनके पैसे लौटाने मदद करने का वायदा किया था। महिला ने आरोप लगाया है कि दूसरी बार संपर्क करने पर कल्याणी के परिजनों ने पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद एन. हुसैन दंपति के किराए के मकान पता करने गए तो उन्हें मकान में ताला लगा मिला।

बिजनेस साइट

कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और माइक्रोसॉफ्ट के बीच एमओयू

रायपुर। कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने रायपुर में माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन लर्निंग सेंटर स्थापित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट और उसके आधिकारिक पार्टनर आर डॉट वेंचर्स के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर पर मान्य प्रमाणन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आर डॉट वेंचर्स के संस्थापक राहुल मार्गव ने कहा कि तकनीकी प्रमाणन विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने में मददगार होगा। कुलाधिपति किशोर जादवानी और सह-कुलाधिपति हरजीत सिंह हुरा ने इसे व्यावहारिक शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कुलपति डॉ. रमन कुमार झा ने कहा कि इससे विद्यार्थियों की डिजिटल दक्षता बढ़ेगी। प्रति-कुलपति डॉ. सुमित श्रीवास्तव के अनुसार, केंद्र की सुविधा बाहरी संस्थानों के विद्यार्थियों को भी मिलेगी। यहां सात दिनों तक प्रतिदिन पांच घंटे प्रशिक्षण दिया जाएगा। इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वाणिज्य सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकेंगे।



आंजनेय यूनिवर्सिटी सृजन 5.0 का भव्य समापन, बच्चों की प्रतिभा को मिला सम्मान

रायपुर। आंजनेय यूनिवर्सिटी और रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरविद्यालयीन महोत्सव 'सृजन 5.0' का शनिवार को समापन हुआ। 8 से 10 अक्टूबर तक आयोजित इस महोत्सव में करीब 250 स्कूलों के 7 हजार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।



संस्कार सिटी स्कूल, राजनांदगांव को बेस्ट स्कूल और डीएवी स्कूल मोनेट को ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मेंस का खिताब मिला। प्रतियोगिताओं में खेल, कला, संस्कृति और तकनीक से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं। कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, गायन, नृत्य, फैशन शो, मॉडल मेकिंग और कोडिंग सहित विभिन्न स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को तीन लाख रुपए तक के नकद पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए। चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि आयोजन विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को मंच देने की पहल है। डायरेक्टर डॉ. जयेंद्र नारंग ने कहा कि इसका उद्देश्य रचनात्मकता, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है।

वस्त्रम विकास में वेडिंग कलेक्शन की वृहद रेंज उपलब्ध

रायपुर। शादी के सीजन को देखते हुए रायपुर के फैमिली फैशन स्टोर वस्त्रम विकास में वेडिंग कलेक्शन की नई रेंज उपलब्ध कराई गई है। इसमें दूल्हा-दुल्हन के साथ पूरे परिवार के लिए आकर्षक परिधानों की विविधता है। कलेक्शन में ब्राइडल लहंगे, डिजाइनर साड़ियां, रॉयल शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न ड्रेस, कुर्ता सेट और महिलाओं, पुरुषों व बच्चों के फेस्टिव परिधान शामिल हैं। मेहंदी, हल्दी, संगीत, विवाह और रिसेप्शन जैसे अवसरों के लिए अलग-अलग डिजाइन, रंग और गुणवत्ता के विकल्प उपलब्ध हैं। संस्थान के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि ग्राहकों की पसंद और बजट को ध्यान में रखते हुए आकर्षक ऑफर भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान त्योहारों और वैवाहिक आयोजनों के लिए बेहतर कलेक्शन उपलब्ध कराने का प्रयास करता है। वेडिंग कलेक्शन वस्त्रम विकास की पंडरी टेक्सटाइल मार्केट, सुंदर नगर, आईजीवी मार्केट, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क, कोटा और डूंडा स्थित शाखाओं में उपलब्ध है।





THE SCREW DRIVER

सगुन के सिर्फ

कूपन कोड: SHAGUN11

₹11

रुपये में
ऐप से बुक करें
कोई भी सर्विस!

One App,
Every Home
Need.

Trusted Professionals.
At Your Doorstep.

Electrician
Plumber
AC Services
& More

OUR SERVICES

Electrician
Wiring Repairs Switches

Plumber
Leakage Fittings Drainage

AC Repair
Cooling Servicing Gas Refill

Carpenter
Furniture Repair Fittings

Cleaning
Home Deep Sofa

Home Appliances
Repair Installation Servicing

Scan QR For
Download The App

GET IT ON Google Play
Download on the App Store

Trusted Professionals | On-Time Service | Transparent Pricing | 24/7 Support

BOOK YOUR SERVICE TODAY

दर्जनभर जवानों से आधुनिक सुरक्षा तंत्र तक पहुंचा रेलवे सुरक्षा बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कभी रेलवे की संपत्ति को चोरी से बचाना और स्टेशनों पर निगरानी करना रेलवे सुरक्षा बल की प्रमुख जिम्मेदारी थी, लेकिन बदलते समय के साथ आरपीएफ रेलवे की संपत्ति की सुरक्षा के साथ यात्रियों की मदद, असुरक्षित परिस्थितियों में बच्चों को बचाने, ट्रेनों में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने और रेलवे अधिनियम के तहत निर्धारित अपराधों पर कार्रवाई करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जब रायपुर में आरपीएफ ने कार्य शुरू किया, उस दौरान दर्जनभर जवान पदस्थ होने की जानकारी है। वाहन, डॉग स्क्वॉड, विशेष टीम नहीं थी।

प्रस्थापना दिवस

आज डब्ल्यूआरएस में आरपीएफ 42वां स्थापना दिवस मना रही है। हरिभूमि ने आरपीएफ के इतिहास को समझने का प्रयास किया। आरपीएफ का इतिहास रेलवे की पुरानी सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा है। रेलवे सुरक्षा बल अधिनियमन 1957 में पारित हुआ और 1959 में लागू किया गया। शुरुआती दौर में रेलवे की संपत्ति की सुरक्षा इसका प्रमुख उद्देश्य था। रेलवे के वैगन, माल और अन्य परिसंपत्तियों को चोरी तथा अवैध कब्जे से बचाने की जिम्मेदारी बल के पास थी। 20 सितंबर 1985 को आरपीएफ अधिनियम में संशोधन के बाद इसे संघ के सशस्त्र बल का दर्जा मिला। इस बदलाव से बल की संगठनात्मक और कानूनी स्थिति मजबूत हुई। हालांकि, इसके अधिकार निर्धारित कानूनों और परिस्थितियों तक सीमित रहे।

नन्हे फरिश्ते से अमानत तक, यात्रियों की मदद भी जिम्मेदारी

रायपुर में भी समय के साथ आरपीएफ ने सुरक्षा के साथ सहायता और बचाव के कार्यों पर भी ध्यान बढ़ाया है। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत संकट में मिले या परिवार से बिछड़े बच्चों को बचाकर संबंधित एजेंसियों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा आरपीएफ आधुनिक रेलवे सुरक्षा में सीसीटीवी निगरानी, बैगेज जांच उपकरण, डॉग स्क्वॉड, वायरलेस संचार और विशेष सुरक्षा दलों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इन साधनों से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, संवेदनशील स्थानों की जांच करने और जरूरत पड़ने पर तेजी से कार्रवाई करने में मदद मिलती है।

42 साल में बढ़ीं जिम्मेदारियां और कार्रवाई के अधिकार



■ रेलवे संपत्ति की सुरक्षा से लेकर यात्रियों की मदद और बच्चों के रेस्क्यू तक कानून ने भी दिए कार्रवाई के अधिकार, आरपीएफ का 42वां स्थापना दिवस

2004 में यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी मिली

आरपीएफ की भूमिका में एक बड़ा बदलाव 1 जुलाई 2004 से आया। रेलवे सुरक्षा बल अधिनियम और रेलवे अधिनियम में संशोधनों के लागू होने के बाद यात्रियों तथा यात्री क्षेत्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी इसके कार्यक्षेत्र में शामिल हुई। इसके तहत संवेदनशील मार्गों पर यात्री ट्रेनों की एस्कॉर्टिंग, प्लेटफॉर्म और अन्य यात्री क्षेत्रों में सुरक्षा तथा रेलवे अधिनियम के तहत निर्धारित 29 प्रकार के अपराधों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी दी गई। इन अपराधों में अनधिकृत वेंडिंग, चेन पुलिंग, महिला यात्रियों के लिए आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत प्रवेश और टिकटों की अवैध बिक्री जैसे मामले शामिल हैं।

कानून के तहत गिरफ्तारी और तलाशी के अधिकार

आरपीएफ को रेलवे संपत्ति (विधिविरुद्ध कब्जा) अधिनियम, 1966, आरपीएफ अधिनियम और रेलवे अधिनियम के तहत निर्धारित मामलों में गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती के अधिकार प्राप्त हैं। वर्ष 2019 में अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित रैंक के आरपीएफ अधिकारियों को एनडीपीएस अधिनियम के तहत भी कुछ अधिकार दिए गए। नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में आरोपियों और जब्त सामग्री को आगे की जांच के लिए सक्षम एजेंसियों को सौंपा जाता है। इस प्रकार आरपीएफ की शक्तियां बढ़ी हैं, लेकिन उनका इस्तेमाल संबंधित कानूनों और निर्धारित प्रक्रियाओं के दायरे में ही किया जाता है।

खबर संक्षेप

सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति की बैठक में जिम्मेदारी तय

रायपुर। राजधानी के रावणभाठा मैदान में रविवार को सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति की बैठक हुई। इस दौरान आगामी विजयादशमी पर्व के आयोजन की रूपरेखा तैयार करने महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस दौरान दशहरा उत्सव की विभिन्न व्यवस्थाओं, सदस्यों की जिम्मेदारियों, आयोजन की तैयारियों तथा आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने विमर्श हुआ। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि विजयदशमी पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। दशहरा उत्सव के दौरान सभी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखना तथा ऐतिहासिक दशहरा मैदान की गरिमा, परंपरा और व्यवस्था को कायम रखना समिति की प्राथमिकता है। सदस्यों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

चाकू लहराकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार

रायपुर। सार्वजनिक स्थल पर हाथ में चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के आरोप में उरला पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी बजरंग नगर सरोरा के पास हाथ में चाकू लहराते हुए लोगों को डरा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से एक बटनदार धारदार चाकू बरामद किया गया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर को थाना उरला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बजरंग नगर सरोरा के पास एक युवक हाथ में चाकू लेकर लहरा रहा है और लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम गजेन्द्र पाल निवासी सरोरा उरला क्षेत्र का निवासी बताया।

10 एकड़ सरकारी जमीन पर 150 एमएलडी का नया फिल्टर प्लांट

नया फिल्टर प्लांट लगाने मुंबई-कोल्हापुर की एजेंसी के रेट कम, पुराने का लोड होगा कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर से लगे डूंडा गांव में सरकारी स्कूल के पास 10 एकड़ सरकारी जमीन पर नगर निगम का दूसरा और 150 एमएलडी का नया फिल्टर प्लांट स्थापित होगा। जल विभाग द्वारा किए गए ऑनलाइन टेंडर में मुंबई और कोल्हापुर की एजेंसी ने नया फिल्टर प्लांट स्थापित करने दिलचस्पी दिखाते हुए बिलो रेट भरा है। ऐसे में अब जल विभाग राज्य शासन के पास इस प्रस्ताव को एप्रूवल के लिए भेज रहा है। शासन स्तर पर स्वीकृति मिलते ही अनुबंधित एजेंसी को इस कार्य करने वर्कआर्डर जारी होगा। महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम के बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान किया है। नगर निगम ने 189 करोड़ रुपए की प्रस्तावित लागत अनुमानित की है, पर ऑनलाइन निविदा में भाग लेने वाली तीन अलग-अलग एजेंसियों ने बिलो रेट कोड किया है। दरअसल भाठागांव स्थित मुख्य फिल्टर प्लांट पर बढ़ते दबाव को कम करने और शहर में तेजी से विकसित हो रहे बाहरी इलाकों को ध्यान में रखकर 2050 तक की अनुमानित आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के मकसद से नए फिल्टर प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इसमें शहर के आउटर इलाके में स्थित गांव डूंडा को पाइंट बनाकर प्लांट का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इस प्रस्तावित नए फिल्टर प्लांट के लिए मुख्य कच्चा पानी खारुन नदी से लिया जाएगा। काठाडीह से डूंडा के नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी पहुंचाने 6.5 किलोमीटर लंबी और 1200 एमएम व्यास की मेनलाइन बिछाई जाएगी। साथ ही इंटेकवेल से कनेक्ट कर 5.5 किलोमीटर दायरे में पाइपलाइन बिछाई जाएगी।

हरिभूमि सरोकार

जल विभाग ने किया ऑनलाइन टेंडर



फाइल फोटो

पुरानी टंकियों को जोड़ा जाएगा

सूत्रों के मुताबिक, रायपुर नगर निगम शहर की अपनी 43 नई व पुरानी पानी टंकियों से पेयजल की आपूर्ति वर्तमान में करता है। इनमें से 15 पानी टंकियों को भाठागांव के वर्तमान फिल्टर प्लांट से डिस्कनेक्ट कर डूंडा में बनने वाले नए फिल्टर प्लांट से जोड़ने की योजना है। इसके लिए रायपुर नगर निगम के जल विभाग ने कार्ययोजना बना रखी है। एक तरह से पुराने प्लांट का लोड कम हो जाएगा।

पेयजल समस्या का होगा स्थायी समाधान

नगर निगम के भाठागांव स्थित पुराने फिल्टर प्लांट की क्षमता 300 एमएलडी की है, उसमें जल आपूर्ति के बाद भी शहर के 21 वार्डों में इस बार गर्मी के सीजन में पेयजल की समस्या रही है। उसे दूर करने के लिए नगर निगम के जल विभाग को किराए के पानी टैंकर जलसंकट प्रभावित वार्डों में चलाने पड़े। यह स्थिति दोबारा निर्मित न हो, इसलिए नए प्लांट की डिजाइन इस तरह की गई है, जिससे पुराने प्लांट की 15 पानी टंकियों का भरपूर पानी सालभर आसानी से आपूर्ति किया जा सके। नए फिल्टर प्लांट के बनने से आने वाले दिनों में शहर के 21 वार्डों में होने वाली पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

एप्रूवल के भेजेंगे प्रस्ताव

डूंडा में 150 एमएलडी के नए फिल्टर प्लांट स्थापित करने एजेंसी तय करने के लिए ऑनलाइन टेंडर किया गया था, जिसमें मुंबई और कोल्हापुर की एजेंसी ने बिलो रेट कोड किया है, राज्य शासन के पास एप्रूवल के लिए जल्द प्रस्ताव भेजा जाएगा।
- **नरसिंग फरेंद,** ईई, जल विभाग, ननि रायपुर।

वनक्षेत्रों में ठेका पद्धति का कर्मचारी संघ ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ ने वनक्षेत्रों में सिविल निर्माण एवं अन्य विभागीय कार्यों को ठेका पद्धति से कराए जाने का विरोध करते हुए चिंता व्यक्त की है। संघ ने इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा वित्तमंत्री को पत्र लिखा है।

संघ का कहना है कि वन विभाग के मैदानी कर्मचारी कठिन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण, सुरक्षा तथा विभागीय दायित्वों का निर्वहन करते हैं। वनक्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति, स्थानीय आवश्यकताओं एवं व्यावहारिक परिस्थितियों से मैदानी कर्मचारी भली-भांति परिचित होते हैं। संघ ने सुझाव दिया है कि वन क्षेत्रों में आवश्यक निर्माण एवं अन्य विभागीय कार्यों के निष्पादन में विभागीय मैदानी अमले की भूमिका को प्राथमिकता दी जाए तथा कार्यों की प्रकृति एवं प्रचलित नियमों के अनुरूप व्यवस्था निर्धारित की जाए।

निर्माण कार्य के लिए मैदानी अमले की भूमिका को प्राथमिकता देने की मांग

सुरक्षा को हो सकता है खतरा

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत दुबे के अनुसार, वनक्षेत्रों में ठेकेदारों, श्रमिकों एवं अन्य बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही बढ़ने से वन संपदा, वन्यप्राणियों के प्राकृतिक आवास तथा पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसी गतिविधियों के दौरान अनियंत्रित प्रवेश, कचरा प्रबंधन, पर्यावरणीय क्षति तथा अवैध गतिविधियों की निगरानी से संबंधित समस्या सामने आने की आशंका व्यक्त की है। संघ ने वनक्षेत्रों के भीतर एवं बाहर ठेका पद्धति से कराए जा रहे विभागीय कार्यों की समीक्षा करने की मांग की है।

तीन जगह पार्किंग के लिए री-टेंडर जवाहर बाजार व्यापारी ही चलाएंगे

नगर निगम के बाजार विभाग ने री-टेंडर करने एप्रूवल के लिए निगम आयुक्त के पास भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम के बाजार विभाग ने शहर के 3 स्थानों पर पार्किंग संचालन के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से री-टेंडर करने निगम आयुक्त को एप्रूवल के लिए प्रस्ताव भेजा है। इनमें एमजी रोड स्थित सिंधी बाजार पार्किंग, कलेक्टोरेट परिसर के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग और गांधी मैदान की पार्किंग शामिल है। वहीं मालवीय रोड जवाहर बाजार पार्किंग का ठेका रिनुअल करते हुए इसे 3 साल के लिए दोबारा व्यापारी कल्याण समिति को संचालन के लिए दिया गया है, यानी जवाहर बाजार की पार्किंग वहां के व्यापारियों की समिति ही चलाएगी। शहर के 3 स्थानों पर पार्किंग का ठेका संचालित करने रायपुर नगर निगम का बाजार विभाग री-टेंडर करने जा रहा है। इन तीन स्थानों पर पहली बार की गई जेम पोर्टल की ई-निविदा में दो-दो निविदाकार भाग लेने से री-टेंडर की स्थिति बनी थी। विदित हो कि जेम पोर्टल से ई-निविदा सिस्टम से पहले नगर निगम द्वारा निविदाकारों से बंद लिफाफे में रेट कोड कर निविदा मंगाए जाने का सिस्टम रहा। शहर के 3 पार्किंग स्थलों के लिए ई-निविदा में री-टेंडर की स्थिति बनने के बाद निगम आयुक्त संबित मिश्रा के आदेश और उपायुक्त बाजार डॉ. अंजलि शर्मा के निर्देश पर एमजी रोड स्थित सिंधी बाजार पार्किंग, कलेक्टोरेट के समीप नगर निगम की मल्टीलेवल पार्किंग और गांधी बाजार पार्किंग को एक साल की अवधि के लिए ठेके पर देने निविदा प्रक्रिया की जा रही है। इसके लिए बाजार विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार निगम आयुक्त के पास एप्रूवल के लिए भेजा जा रहा है।



■ एमजी रोड की सिंधी बाजार पार्किंग, कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग, गांधी मैदान पार्किंग शामिल

जवाहर बाजार पार्किंग संचालन का ठेका 3 साल के लिए रीनुवल

शहर के मालवीय रोड मुख्य मार्ग स्थित जवाहर बाजार पार्किंग सह कामर्शियल कांप्लेक्स के पार्किंग संचालन व संधारण का ठेका मालवीय रोड जवाहर बाजार व्यापारी कल्याण समिति को दोबारा दिया गया है। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने आगामी 3 साल के लिए जवाहर पार्किंग ठेका का रीनुवल करते हुए एक बार फिर पार्किंग संचालन की जिम्मेदारी मालवीय रोड जवाहर बाजार व्यापारी कल्याण समिति को नियम व शर्तों के तहत दी है।

एप्रूवल के लिए भेज रहे प्रस्ताव

तीन स्थानों पर पार्किंग ठेके के लिए जेम पोर्टल से री-टेंडर करने प्रस्ताव बना है। निगम आयुक्त के पास इसे एप्रूवल के लिए भेज रहे हैं। जवाहर बाजार पार्किंग का ठेका 3 साल के लिए रिनुअल किया गया है। व्यापारी कल्याण समिति को नियम व शर्तों के तहत इसके संचालन का ठेका दिया गया है।
- **डॉ. अंजलि शर्मा,** उपायुक्त बाजार, ननि रायपुर।

पेज 09 के शेष ...

महादेवघाट के विसर्जन ..

उसमें खारुन नदी का स्वच्छ पानी भरकर इसे तैयार किया जाएगा। दरअसल राजधानी में गणेशोत्सव पर्व के बाद शहर की विभिन्न गणेशोत्सव समितियों द्वारा गणपति बप्पा की बड़े व छोटे आकार की प्रतिमाओं का बड़ी संख्या में महादेवघाट के विसर्जन कुंड में सम्मान के साथ विसर्जन हुआ। इस दौरान मूर्तियों के अवशेष भारी मात्रा में मिट्टी, बांस, जूट की रस्सी सहित बड़ी मात्रा में विसर्जित ढांचों का ढेर हटाने नगर निगम जोन-8 की टीम को 10 दिनों का समय लग गया। इसके बाद विसर्जन कुंड में जमा गंदगी और कूड़ा को बाहर निकालने सफाई कर्मचारियों की टीम लगाई गई।

दुर्गा विसर्जन के पूर्व...

अभियंता अतुल चोपड़ा, उप अभियंता अमन चंद्राकर सहित जोन 8 की टीम ने निगम आयुक्त के आदेश पर मिशन मोड में विसर्जन कुंड की सफाई कराई। सोमवार से विसर्जन कुंड में खारुन नदी से साफ पानी भरने का काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए मोटर पंप लगाकर नदी से स्वच्छ पानी भरने की तैयारी की गई है।

आयुष्मान योजना ...

सूत्रों के अनुसार, इन दस्तावेजों की जांच पूरी कर ली गई है, जिसमें 14 हास्पिटलों में गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। इनके खिलाफ शिकायतों की गंभीरता के आधार पर जुर्माना लगाने के साथ योजना से निलंबन की कार्रवाई हो सकती है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में एक-दो दिन के भीतर आदेश जारी किया जा सकता है। जिन अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, उसमें रायपुर के अस्पताल काफी संख्या में शामिल है।

धार्मिक आयोजन में संदिग्ध...

से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के मुताबिक, उर्स के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जुलूस में शामिल संदिग्ध लोगों की जांच की गई। इस दौरान 50 से ज्यादा लोगों को थाने लाकर पूछताछ और जांच की गई। इनमें से 9 लोगों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170, 126 और 135(3) के तहत कार्रवाई की गई। सभी को विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट, सिटी कोतवाली के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

45 किलो स्टील के...

की गई, जबकि अन्य मामलों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई डीसीपी सेंट्रल जोन तारकेश्वर पटेल के निर्देश और एडिशनल डीसीपी विवेक शुक्ला की निगरानी में की गई। पुलिस का कहना है कि अवैध हथियार रखने वालों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल संदिग्धों के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखना और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना है।

बिजली संकट के बीच हांफ...

बिजली की डिमांड बढ़ने के कारण इस समय बिजली को लेकर भारी हाहाकार मचा हुआ है। इससे अपना प्रदेश भी अछूता नहीं है। अपने प्रदेश में वैसे भी छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्रों की क्षमता खपत के मुकाबले में बहुत कम है। छत्तीसगढ़ में खपत छह से सात हजार मेगावाट तक जाती है और पॉवर कंपनी का उत्पादन 22 से 26 सौ मेगावाट के आस-पास ही होता है। 35 फीसदी कंपनी का अपना उत्पादन है, 35 फीसदी बिजली उसको एनटीपीसी से मिलती है। करीब 30 फीसदी बिजली की व्यवस्था कंपनी को बाहर से करनी पड़ती है। इस समय बाहर के राज्यों से बिजली का मिलना मुश्किल होने के कारण परेशानी हो रही है।

छत्तीसगढ़िया कलाकार को ही मिलेगा पुरस्कार

राज्य सरकार ने बनाया सम्मान नियम-2026

पंडवानी कला के साधकों को पहली बार मिलेगा डॉ. तीजन बाई राज्य सम्मान, दो लाख रुपए पुरस्कार भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी विधा की कलाकार डॉ. तीजन बाई की कला-साधना को चिरस्थायी बनाने राज्य सरकार ने इस साल से राज्य सम्मान की स्थापना की है। पंडवानी कला के उत्कृष्ट साधकों को प्रतिवर्ष 2 लाख रुपए और प्रशस्तिपत्र दिया जाएगा। हाल ही में तीजन बाई का स्वर्गवास हुआ है। राज्य सरकार ने इसी समय उनके नाम पर राज्य सम्मान देने की घोषणा की थी। संस्कृति विभाग ने इसके लिए डॉ. तीजन बाई राज्य सम्मान नियम-2026 बनाया है, जो पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में लागू होगा। सबसे अहम बात ये है कि यह सम्मान केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासी कलाकार को ही मिलेगा।

खास खबर

पुरस्कार का स्वरूप और पात्रता

सम्मान राशि- पंडवानी विधा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति को प्रतिवर्ष 2 लाख रुपए नकद एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान किया जाएगा।
योग्यता- यह सम्मान ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा, जिसने समर्पित भाव से पंडवानी विधा के क्षेत्र में दीर्घकालीन उत्कृष्ट सेवा की हो। इसके अंतर्गत व्यक्ति के भूतकालिक एवं वर्तमान दोनों प्रकार के पंडवानी योगदानों का मूल्यांकन किया जाएगा। पात्रता ये है कि पुरस्कार प्राप्तकर्ता को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।



पांच सदस्यीय जूरी का गठन

पुरस्कार विजेता के चयन के लिए राज्य सरकार द्वारा 5 सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया जाएगा, जिसमें कुलपति, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (अथवा मनोनीत प्रतिनिधि)। छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अंतर्गत कला अकादमी के अध्यक्ष, उपसंचालक, संस्कृति एवं राजभाषा विभाग, दूरदर्शन या आकाशवाणी से नामित प्रतिनिधि, लोककला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कला मर्मज्ञ शामिल होंगे। निर्णायक मंडल की बैठक की पूरी कार्यवाही गोपनीय रहेगी और जूरी को स्वविवेक से भी उपयुक्त व्यक्ति के नाम पर विचार करने का अधिकार होगा।

आवेदन और चयन की प्रक्रिया

प्रविष्टियां आमंत्रित करना: संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय द्वारा जनसंपर्क विभाग के माध्यम से समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर प्रविष्टियां और विषय विशेषज्ञों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदन पत्र के साथ व्यक्ति का पूर्ण परिचय, फोटो, छत्तीसगढ़ मूल निवासी प्रमाणपत्र/आधारकार्ड, पंडवानी विधा में उत्कृष्ट कार्य का विवरण/प्रमाण तथा चयन होने की स्थिति में सम्मान ग्रहण करने की लिखित सहमति प्रस्तुत करनी होगी।

सरकारी कर्मचारियों के लिए नियम

यदि कोई शासकीय अधिकारी या कर्मचारी स्वयं आवेदन करता है या किसी संस्था द्वारा उसका नाम प्रस्तावित किया जाता है तो प्रकरण जूरी के समक्ष रखने से पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग की अनुमति अनिवार्य होगी। संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय द्वारा प्रतिवर्ष एक भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। चयनित कलाकार के लिए समारोह के अवसर पर एक सचित्र स्मारिका भी जारी की जाएगी। सम्मानित कलाकार को शासन के प्रथम श्रेणी (ग्रेड-ए) अधिकारी के समकक्ष रेल/विमान यात्रा और यात्रा भत्ता दिया जाएगा। विशेष परिस्थिति में वे अपने साथ एक सहायक भी ला सकेंगे, जिसे समान यात्रा व आवास की सुविधा मिलेगी। इस सम्मान व समारोह पर होने वाला कुल वार्षिक व्यय (पुरस्कार राशि 2 लाख तथा अन्य व्यवस्थाओं हेतु 1 लाख मिलाकर कुल 3 लाख रुपए) छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वहन किया जाएगा।



हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

राजधानी के प्रमुख देवी मंदिरों, महामाया मंदिर, कालीमाता मंदिर और बंजारी माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना की गई, जहां भक्तों ने देवी की पूजा-अर्चना कर मनोकामनाएं मांगीं और आस्था के दीप प्रज्ज्वलित किए। पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर भक्तों ने मनोकामना सिद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारियों व सेवादारों ने माता की प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार-पूजन किया। घट स्थापना के लिए मिट्टी के बर्तन में जौ बोई गई, गंगाजल भरकर कलश में सुपारी, दूर्वा, अक्षत और सिक्के डाले गए।

देवी मंदिरों से लेकर दुर्गा पंडालों तक उत्सव की धूम, पूजा-अर्चना व दर्शन करने श्रद्धालुओं का तांता

'शक्ति उपासना' के लिए जगमगाया दरबार भक्तों ने जलाई मनोकामना की ज्योत



रायपुर। ज्योति कलश पर आम के पत्ते और नारियल रखकर मां दुर्गा का आह्वान किया गया। नवरात्रि के दौरान मंदिरों को फूलों और इलेक्ट्रॉनिक झालर, लाइट्स से सजाया गया है। देवी मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु व्रत रखकर अपनी आस्था की शक्ति से देवी के नौ रूपों की भक्ति आराधना में लीन दिखे। घट स्थापना ब्रह्मांड की शक्ति को कलश में आमंत्रित करने की विधि है, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। आज से अलगे 9 दिनों तक देवी मंदिरों में सैंकड़ों सेवादार माता के सेवा में उपस्थित रहेंगे। साथ ही व्रती भक्त मनोकामना सिद्ध के लिए माता के 9 स्वरूपों की आराधना में लीन रहेंगे। शारदीय नवरात्रि पर शहर के प्रमुख देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों पर घट स्थापना की लाइव रिपोर्टिंग ऐसा रहा।







शहर के प्रमुख मंदिरों की झलकियां

महामाया मंदिर- राजराजेश्वरी महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि सुबह 4 बजे ब्रह्ममुहूर्त पर शारदीय नवरात्रि के पहले दिन माता की प्रतिमा का श्रीराजराजेश्वरी श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात भक्तों के लिए दरबार के पट खोले गए। 7.30 बजे दिवस आरती की गई। मंदिर में अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 बजे के बीच घट स्थापना हुई। चकमक पत्थर के टुकड़ों को रगड़ने से निकलने वाली चिंगारी से प्रमुख ज्योति तीन कन्याओं के हाथों प्रज्ज्वलित कराई गई। शाम 5 बजे महाआरती हुई। वहीं पूरे दिन भक्तों का माता राजराजेश्वरी महामायाजी की दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर में 1 राज ज्योति, 164 आजीवन ज्योति, 11000 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। 300 से अधिक सेवादार देश-विदेश से माता की सेवा करने पहुंचे हुए हैं।

विधि-विधान से दिव्य प्रतिमाएं स्थापित

दुर्गा पंडालों को सजाने से लेकर बैंड-बाजे की धूम के बीच उत्सव समितियों ने पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विधि-विधान के साथ स्थापित कीं। दुर्गा पंडालों में देर रात तक नवरात्रि की धूम मची रही। दुर्गा पंडालों पर माता के नौ अलग-अलग भव्य स्वरूपों का दर्शन भक्त व श्रद्धालु करते रहे। शैलपुत्री से सिद्धिदात्री तक 10 दिन माताराणी की भक्ति से राजधानी का माहौल भक्तिमय रहेगा। शहर की मुख्य सड़कें शाम होते ही झांकियों के आसपास से लेकर रंगीन रोशनी से जगमगाने लगी हैं। पूजा पंडालों और झांकियों में शाम के समय आरती, पूजन कर मां शेरावाली से विराजने का आव्हान भक्तों व समितियों के सदस्यों ने किया।



नातिन धोबिन दाई मंदिर बोरियाखुर्द में ज्योति कलश की स्थापना

राजधानी के नातिन धोबिन दाई मंदिर बोरिया खुर्द में ज्योति कलश की स्थापना की गई है, जिसमें अनेक जिलों के सामाजिक श्रद्धालु इष्ट देवी के दर्शन करने पहुंचे। इस अवसर पर अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, मंदिर के पुजारी अलख निर्मलकर, नेतराम निर्मलकर सहित अनेक जिलों से आए समाजजन महा आरती में शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों ने मंदिर को भव्य बनाने का संकल्प लिया।

बंजारी माता मंदिर

बंजारी माता मंदिर के मुख्य पुजारी पं. डॉ. हरिप्रसाद जोशी के अनुसार शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन ब्रह्ममुहूर्त में प्रातः 4 बजे माता की आरती हुई। इसके पश्चात दर्शन के लिए मंदिर के पट खोले गए। सुबह 10 बजे माता की 56 भोग आरती की गई। सेवादारों ने मंदिर में अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के बीच घट स्थापना की। मंदिर में 10 राज ज्योति व 10071 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किया गया है। 250 से अधिक सेवादार पूरे 9 दिन माता के सेवा में उपस्थित रहेंगे। शाम 7 बजे महाआरती की गई।

कालीमाता मंदिर

वहीं आकाशवाणी चौक स्थित कालीमाता मंदिर में सुबह द्वारा खुलने के पश्चात अभिषेक किया गया और सुबह 10 बजे से पूर्व तय समय पर घट स्थापना हुई। यहां कुल 2500 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। इन मंदिरों में भी देवी प्रतिमाओं को फूल मालाओं से श्रृंगारित किया गया।



दंतेश्वरी माता मंदिर

मंदिर के पुजारी के अनुसार सुबह ब्रह्ममुहूर्त से माता की आरती कर भक्तों के दर्शन के लिए दंतेश्वरी माता मंदिर के पट खोले गए। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना के बाद आरती-पूजा, माता के श्रृंगार का सिलसिला आरंभ हुआ। सुबह से देर रात्रि तक भक्तों का तांता मंदिर प्रांगण में लगा रहा। मंदिर में 1560 मनोकामना ज्योति भक्तों द्वारा प्रज्ज्वलित कराई गई है। 40 से अधिक सेवादार माता के दरबार की रखवाली में लगे हैं।

मां शीतला मंदिर डंगनिया

नवरात्रि पर डंगनिया स्थित मां शीतला मंदिर में विधिवत घट स्थापना की गई। मंदिर प्रांगण में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं भक्तों द्वारा मनोकामना सिद्ध के लिए 1100 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए हैं।

गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी

समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि पर आस्था व भक्ति का महौल रहा। मंदिर में विधिविधान से घट स्थापना की गई। शक्तिपीठ में सुबह से शाम तक भक्त पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए उमड़े रहे। गायत्री शक्तिपीठ में 200 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है।

गरबा नाइट्स से पहले बाजार में बढ़ी रौनक, डिजिटल प्रिंटेड और मिरर वर्क ड्रेस का क्रेज, प्रतिदिन की बुकिंग



राजधानी में जगह-जगह होने लगे गरबा उत्सव, रेंट पर परिधान देने 26 साल में शुरू हुई 600 से अधिक दुकानें



रायपुर। नवरात्रि और गरबा नाइट्स को लेकर राजधानी में रौनक अपने चरम पर है। इस साल गरबा प्रेमियों में ट्रेडिशनल लुक के साथ ट्रेंडी टच वाले परिधानों की भारी डिमांड है। पुरानीबस्ती, गोलबाजार, पंडरी, तेलीबांधा और अवंती विहार जैसे प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में खूबसूरत चनिया चोली, केडिया और पारंपरिक आभूषणों की दुकानें सज गई हैं। इस सीजन में गरबा नाइट्स से पहले बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। युवाओं को न्यू डिजिटल प्रिंटेड और मिरर वर्क वाले ड्रेस सबसे ज्यादा भा रहे हैं। दुकान संचालकों का कहना है कि नौ दिनों के लिए परिधानों की बुकिंग देने की बजाय प्रतिदिन के लिए बुकिंग दे रहे हैं। इसके लिए 350 रुपए परिधान का किराया लेते हैं। 1990 से किराए पर ड्रेस मटेरियल्स उपलब्ध करवाने के व्यावसाय से जुड़े जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पूर्व शहर में रेंट पर गरबा मटेरिल्स की 7-8 दुकानें थी, लेकिन अब 600 से अधिक लोग इस व्यावसाय से जुड़ गए हैं।

इस ट्रेंड में परिधान और एसेसरीज की डिमांड

दिनेश साहू, कल्पना अग्रवाल ने बताया कि चनिया चोली और लहंगें का क्रेज सबसे ज्यादा है। इस बार डिजिटल प्रिंट, राजपुताना स्टाइल और हल्के वजन वाले कॉटन चनिया चोली की पूछ-परख ज्यादा है। यह गरबा खेलते समय आरामदायक होने से लोग रेंट पर लेने पहुंच रहे हैं। इस बार पुरुषों और युवाओं के लिए ट्रेंडी केडिया पैटर्न और एम्ब्रॉयडरी वाले कुर्ता बाजार में छाए हुए हैं। साथ ही गरबा लुक को पूरा करने के लिए मिरर वर्क वाले चोकर, कमरबंद, मांगटीका और कौड़ी वर्क वाले बैग्स की पूछ-परख बढ़ी है। लोगों के पास इस बार भी बजट और किराए में परिधान का बेहतर विकल्प मिल रहा है।

किराए पर परिधान के साथ नए भी खरीद रहे लोग

दुकान संचालकों ने बताया कि गरबा नाइट्स के बढ़ते आयोजनों को देखते हुए परिधान की डिमांड भी बढ़ी है। मांग को देखते हुए रायपुर के दुकानदारों ने नया ड्रेस मटेरियल खरीदने का विकल्प भी लोगों को दे रहे हैं। किराए पर गरबा परिधानों का किराया प्रतिदिन 150 से 350 रुपए प्रतिदिन से शुरू है, इसमें मैचिंग ज्वेलरी भी शामिल है। नए ड्रेस खरीदने के लिए ट्रेंडी कलेक्शन और कुर्ते 200 से 999 के बजट में उपलब्ध हैं। वहीं, प्रीमियम और हैवी एम्ब्रॉयडरी वाले पारंपरिक लहंगे 1,000 से 2,500 की रेंज में लोग खरीद भी रहे हैं।



आज से रास गरबा की रात

गुढ़ियारी रास गरबा नाइट्स की आज से भक्तिमय और उत्साह के साथ आगाज हो रहा है। इस पल का इंतजार पूरे रायपुरवासियों को बेसब्री से रहा है। सोमवार से गरबा स्थल मारुति मंगल भवन गुढ़ियारी में रास गरबा की लोकप्रिय गीतों जैसे बंकीड़ा ओ बंकीडा...के धुन पर प्रतिभागी चकड़ी-छकड़ी पर डांडिया खेल झुमेंगे। गरबा स्थल मारुति मंगल भवन गुढ़ियारी में 19 अक्टूबर तक चलने वाले इस भव्य रास गरबा उत्सव में सभी आयु वर्ग के भक्तजन पारंपरिक राज गरबा का आनंद लेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 12.30 बजे रानी सती दादी जी का संगीतमय आरती और मंगल पाठ निखिल-श्याम शर्मा ग्रुप राजनांदगांव के द्वारा किया जाएगा। इसके बाद रात्रि 8 बजे से प्रतिदिन रास गरबा नाइट्स सजेगा। आयोजन समिति के सदस्य विकाश सेठिया ने बताया कि गरबा नाइट्स में प्रतिदिन प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा, जिसके अंतर्गत डायमंड के रिंग नवकार ज्वेलर्स रायपुर की ओर से प्रदान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में श्रीहनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है।



दुर्गोत्सव



जय महावीर दुर्गोत्सव समिति, डूंडा



न्यू जागृति दुर्गोत्सव समिति, देवपुरी



जय माँ काली दुर्गोत्सव समिति, सेजबहार



नव दुर्गोत्सव समिति, इंदिरा चौक, संजय नगर



शिव संग्राम दुर्गोत्सव समिति, डुंडेश्वर मंदिर, डूंडा



श्री राम-जानकी मंदिर दुर्गोत्सव समिति, अयोध्या नगर



साईंनगर जोरा में दुर्गा उत्सव

● श्री अग्रसेन जयंती पर बैंड, धुमाल संग उत्सव, शाम को अग्रसेन धाम में महोत्सव के साक्षी बने राज्यपाल और सीएम

शिव परिवार और भगवान अग्रसेन की झांकियों से सजी भव्य शोभायात्रा, महोत्सव में कवियों ने भी बांधा समां

18 मोहल्ला समिति की झांकियों में शिव परिवार और भगवान अग्रसेन की दिव्य मूर्तियां आकर्षण का केंद्र रही। ऊंट और घोड़ों के साथ बैंड-धुमाल के साथ निकाली गई महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा में समाज के लोग उत्साह से शामिल हुए। रविवार को जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा करके अलग-अलग संगठन के लोगों ने स्वागत किया। वहीं शाम को छोकरा नाला के पास स्थित अग्रसेन धाम में महोत्सव के लिए सजाए गए मंच पर कवियों ने अपनी पक्तियों से श्रोताओं के बीच समां बांधा। इस अवसर पर समाज के बीच राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति रही।



अग्रसेन धाम में सजाए गए मंच पर महोत्सव

शाम को महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित समारोह में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को सेवा, सहयोग, सामाजिक समरसता और सामूहिक विकास की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को भी महान व्यक्तित्व और आदर्शों से जोड़ने में ऐसे आयोजनों का महत्व बढ़ जाता है। इसे समाज के लोग भी आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाते है। इस क्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी महाराजा अग्रसेन की विचारधारा को जनकल्याण, सेवा, सामाजिक सहयोग को प्रेरक बताते हुए ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का माध्यम बताया।



सम्मेलन में कवियों ने श्रोताओं को गुदगुदाया

21 दिवसीय श्री अग्रसेन महोत्सव के समापन समारोह में आयोजित कवि सम्मेलन में अपनी कविताओं से शशिकांत यादव ने जहां देश प्रेम की भावना से लोगों को ओतप्रोत किया। वहीं सुदीप भोला, पार्थ नवीन, रुचि चतुर्वेदी एवं दिनेश देसी ने हास्य और व्यंग्य की धार से श्रोताओं को गुदगुदाने का प्रयास किया। कवियों ने समसामयिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मनोरंजन किया। अग्रवाल सभा के महामंत्री मनमोहन अग्रवाल ने मंच संचालन करते हुए कवियों की श्रृंखला को शानदार प्रस्तुतियों की माला में पिरोने का प्रयास किया। इससे महोत्सव का समापन भी यादगार बना।

रायपुर। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित 21 दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव की श्रृंखला में रविवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस क्रम में सुबह जवाहर नगर स्थित अग्रसेन भवन में पूजा-अर्चना के बाद महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 18 मोहल्लों की आकर्षक झांकियां तथा सुसज्जित ऊंट-घोड़ों के साथ निकाली गई महाराजा अग्रसेन जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का आगाज अग्रसेन भवन से किया गया। जो एमजी रोड, रामसागरपारा, राठौर चौक, तेलघानी नाका, भैंसथान एवं अग्रसेन चौक होते हुए समता कॉलोनी स्थित गोदावरी सेवा सदन पहुंचने पर विधि-विधान से समापन किया गया। रास्ते में जगह-जगह अग्रवाल समाज एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने पुष्पवर्षा करते हुए शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। 18 मोहल्लों की झांकियों ने समाज की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया।







नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का माध्यम

मीडिया प्रभारी योगेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता और उदित अग्रवाल ने महोत्सव में समाजजनों की सक्रिय सहभागिता और आयोजन को भी सफल बनाने में सहयोग देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का माध्यम हैं।



समाजसेवा व सामाजिक समरसता प्राथमिकता

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि महोत्सव में सभी मोहल्लों की सहभागिता सराहनीय रही। उन्होंने सभी समितियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि सभा शिक्षा, रक्तदान और जरूरतमंदों की सहायता के साथ विधवा, विधुर व तलाकशुदा व्यक्तियों के पुनर्विवाह जैसे सामाजिक कार्यों के लिए प्रयासरत है। आगामी 26 दिसंबर को पुनर्विवाह का आयोजन करने की योजना है। समाज के लिए 8,000 वर्गफीट के हॉल का निर्माण काम जारी है। जिसके बाद कुल उपलब्ध हॉल क्षेत्र लगभग 16,000 वर्गफीट हो जाएगा। पिछले वर्ष मुख्यमंत्री श्री साय से नवा रायपुर में सामाजिक गतिविधियों का विस्तार करने 10 एकड़ भूमि देने आग्रह किया था।

हरलीन से मिला सफलता का मंत्र

हर खेल में मेहनत और आत्मविश्वास जरूरी, हॉकी खिलाड़ियों में जागा देश के लिए खेलने का जज्बा

रायपुर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हरलीन देओल ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की रायपुर आवासीय हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें सफलता के लिए मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का मंत्र दिया। उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की पहल पर आयोजित इस संवाद में हरलीन ने अपने खेल जीवन के अनुभव साझा किए और खिलाड़ियों को देश के लिए खेलने का सपना देखने के लिए प्रेरित किया। हरलीन ने खिलाड़ियों से कहा कि वे अकादमी में उपलब्ध खेल सुविधाओं, प्रशिक्षण और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का पूरा लाभ उठाएं। बड़े लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने के लिए नियमित अभ्यास करें। उन्होंने कहा, आप मेहनत कीजिए, अपने लक्ष्य के लिए पूरी लगन से प्रयास कीजिए। भगवान भी आपकी मदद करेंगे। अपने ऊपर विश्वास रखिए और देश के लिए खेलने का सपना जरूर देखिए।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर ने आवासीय हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों से साझा किए अनुभव



कड़ी मेहनत, धैर्य, अनुशासन और निरंतर अभ्यास जरूरी

हरलीन बताया कि सफलता के लिए प्रतिभा के साथ कड़ी मेहनत, धैर्य, अनुशासन और निरंतर अभ्यास जरूरी है। खिलाड़ियों को अपनी कमियों को पहचानकर उनमें सुधार करने और हर दिन बेहतर प्रदर्शन करने की सलाह भी दी। अकादमी में प्रदेश के दूर-दराज के जनजातीय क्षेत्रों से आए खिलाड़ी भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। घर-परिवार से दूर रहकर खेल में भविष्य बनाने का प्रयास कर रहे इन बच्चों के लिए अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी से मुलाकात खास रही। हरलीन ने उन्हें संदेश दिया कि सीमित संसाधन या भौगोलिक दूरी बड़े सपनों की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए। खिलाड़ियों ने उनके साथ बातचीत की और व्यक्तिगत रूप से फोटो भी खिंचवाए।



खेल गुणों को विकसित करने की प्रेरणा मिली

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हरलीन देओल ने कहा कि क्रिकेट और हॉकी अलग खेल हैं, लेकिन दोनों में अनुशासन, फिटनेस, टीम भावना और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता महत्वपूर्ण है। इस संवाद से खिलाड़ियों को इन गुणों को विकसित करने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर खेल अधिकारी शिवराज साहू, हॉकी प्रशिक्षक रश्मि तिर्की, सॉफ्टबॉल प्रशिक्षक टी.एन. रेड्डी सहित विभाग के अधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने भी खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

विश्व का बड़ा गीता अभियान 50 घंटे होगा अखंड पारायण

रायपुर। सनातन धर्म और भगवद्गीता ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 'गीता परिवार' एक ऐतिहासिक और अद्वितीय आध्यात्मिक अनुष्ठान का ऑनलाइन आयोजन करने जा रहा है। इस महाभियान का मुख्य आकर्षण 50 घंटे का अखंड गीता पारायण होगा, जो 50वें स्वर्णिम बैच के भव्य शुभारंभ की पूर्वपीठिका बनेगा। एक लाख नए साधकों वाले 50वें स्वर्णिम बैच का शुभारंभ संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत करेंगे। सीमा मिश्रा ने बताया कि इस स्वर्णिम बैच के निमित्त 12 अक्टूबर को सुबह 6:30 बजे से 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे तक यानी 50 घंटे का अखंड गीता पारायण होगा। इस अनुष्ठान में सम्पूर्ण श्रीमद्भगवदगीता के 18 अध्यायों का 19 क्रमिक आवृत्तियों में शुद्ध संस्कृत पारायण किया जाएगा। इस सामूहिक साधना का सीधा प्रसारण कई चैनलों के माध्यम से किया जाएगा। इससे देश-विदेश के श्रद्धालु ऑनलाइन जुड़ सकेंगे।



50वें स्वर्णिम बैच का होगा भव्य शुभारंभ

अखंड पारायण की पूर्णाहुति के बाद 16 अक्टूबर को शाम 7 बजे 'लर्नगीता' के 50वें स्वर्णिम बैच का भव्य शुभारंभ होगा। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य अतिथि के रूप में इस बैच का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम गीता परिवार के संस्थापक एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव स्वामी गोविन्ददेवगिरि जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। इस बैच में 1 लाख नए साधक 15 भाषाओं और 33 समय विकल्पों के साथ घर बैठे निःशुल्क गीता का अध्ययन आरंभ करेंगे। स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज द्वारा संस्थापित 'गीता परिवार' वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी निःशुल्क ऑनलाइन गीता कक्षा '' संचालित करते हैं।

अयोध्या में भव्य गीता जयंती महोत्सव

इस अखंड साधना के उपरांत, इस वर्ष गीता जयंती का पर महोत्सव रामलला की नगरी अयोध्या में 19-20 दिसंबर को कारसेवकपुरम में आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश-विदेश से सहस्रों गीता प्रेमी सम्मिलित होंगे। स्वामी श्रीगोविन्ददेव गिरि जी महाराज के सान्निध्य में भव्य संत समागम, संगीतमय गीता पारायण, विशाल शोभायात्रा और सरयू पूजन जैसे अलौकिक आयोजन होंगे।



THE SCREW DRIVER

सगुन के सिर्फ

कूपन कोड: SHAGUN11

₹11 रुपये में

ऐप से बुक करें कोई भी सर्विस!

One App, Every Home Need.

Trusted Professionals. At Your Doorstep.

Electrician
Plumber
AC Services
& More



OUR SERVICES

Electrician
Wiring Repairs Switches

Plumber
Leakage Fittings Drainage

AC Repair
Cooling Servicing Gas Refill

Carpenter
Furniture Repair Fittings

Cleaning
Home Deep Sofa

Home Appliances
Repair Installation Servicing



Scan QR For Download The App

GET IT ON Google Play
Download on the App Store

Trusted Professionals | On-Time Service | Transparent Pricing | 24/7 Support

BOOK YOUR SERVICE TODAY

सिटी स्पोर्टस

आईआरसी बैडमिंटन और टेट में जुटे मध्यभारत के खिलाड़ी



रायपुर। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रायपुर शाखा की ओर से ₹आई स्पोर्ट्स बैडमिंटन एरिना₹ में सीआईआरसी बैडमिंटन एंड टेबल टेनिस टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन 10 अक्टूबर से किया गया। आईसीएआई रायपुर शाखा द्वारा पहली बार आयोजित इस खेल महाकुंभ के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह सिसौदिया रहे, जबकि सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई तथा रायपुर शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए जी.एस. अग्रवाल और सीए एन.सी. बेगानी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में आईसीएआई मध्य भारत के चार राज्यों—छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और झारखंड की आठ प्रमुख शाखाओं (रायपुर, भिलाई, जबलपुर, इंदौर, भोपाल, उदयपुर, रांची और सतना) से कुल 59 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के सफल और सुचारू आयोजन में रायपुर शाखा की प्रबंध समिति की अध्यक्ष सी.ए. रश्मि वर्मा, उपाध्यक्ष सी.ए. रवि जैन, सचिव सी.ए. ऋषिकेश यादव, कोषाध्यक्ष सी.ए. शीतल काला, कार्यकारिणी सदस्य सी.ए. विकास गोलछा तथा सी.ए. आयुषी गर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। टूर्नामेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी आयोजन के समन्वयक (कोआर्डिनेटर) सी.ए. ऋषिकेश यादव द्वारा प्रदान की गई।

यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट 16 से

भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी, भिलाई द्वारा भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट – सीजन 3 का आयोजन 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंडर-15 आयु वर्ग के युवा एवं उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसके सभी मैच करंजा, भिलाई स्थित करंजा भिलाई क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे। पूरी प्रतियोगिता पारंपरिक रेड-बॉल प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें प्रत्येक टीम को 40-40 ओवर खेलने का अवसर मिलेगा। इस रोमांचक प्रतियोगिता में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो पूलों में विभाजित किया गया है। पूल ए में आर.के. अकादमी भिलाई, इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर और क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी भिलाई को रखा गया है, जबकि पूल बी में पीसीसी पद्मनापुर, ओसीए रेजिडेंशियल अकादमी भुवनेश्वर और जीसीसी भिलाई शामिल हैं। प्रत्येक टीम को लीग चरण में दो-दो मैच खेलने का अवसर मिलेगा, जिसके बाद दोनों पूलों की शीर्ष टीमें फाइनल मुकाबले में प्रवेश करेंगी। टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला 21 अक्टूबर को खेला जाएगा। यह जानकारी शांतनु घोष ने दी ।



दुर्ग जिला एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन ने लिया चयन ट्रायल



भिलाई। दुर्ग जिला एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल टीमों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 अक्टूबर को किया गया। इस ट्रायल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन समिति द्वारा प्रारंभिक तौर पर 24 पुरुष एवं 20 महिला खिलाड़ियों को संभावित सूची में चयनित किया गया है, जबकि दोनों वर्गों में 12-12 खिलाड़ियों का अंतिम चयन रविवार को किया गया। ट्रायल के इस महत्वपूर्ण अवसर पर चयन समिति के सदस्य गुरमीत सिंह, एस.एन. नेमा, नईमुद्दीन हनफी, निर्मल सिंह, राजेंद्र राय, शंकर लाल यादव, डी. शाजी, श्रीमती प्रतीक्षा, विनोद नायर, वी.एन. सोनी, ललन चौधरी, राकेश सिंह, मधुसूदन हनोटे, राहुल रेड्डी एवं अनिल दलाई उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हैंडबॉल के लिए खिलाड़ी चयनित

रायपुर। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आगामी 13 से 16 अक्टूबर तक कबीरधाम में आयोजित की जा रही है, जिसके लिए महासमुंद जिले से कुल 13 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को हैंडबॉल ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर एवं जिला शिक्षा विभाग के सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा ने परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए अपनी ओर से अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

कोलेस्ट्रॉल क्या है और शरीर के लिए क्यों जरूरी है, जरूर जानिए

हाई कोलेस्ट्रॉल से सिर्फ दिल ही नहीं आपके लिवर, दिमाग और दूसरे अंगों पर भी होता है भारी असर, रहें सावधान

शरीर को स्वस्थ और सुचारू रूप से चलाने के लिए कोलेस्ट्रॉल की संतुलित मात्रा का होना बहुत आवश्यक होता है। कोलेस्ट्रॉल मूल रूप से एक मोम और वसा जैसा पदार्थ होता है, जिसका निर्माण हमारा शरीर कुछ महत्वपूर्ण हार्मोन्स, विटामिन-डी और भोजन को पचाने में मदद करने वाले पाचक रसों के निर्माण के लिए करता है। जब तक इसकी मात्रा संतुलित रहती है, यह शरीर के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन रक्त में इसकी मात्रा का आवश्यकता से अधिक बढ़ना सेहत के लिए एक खामोश और गंभीर खतरा बन जाता है।

धमनियों में प्लाक जमने की प्रक्रिया और इसके खतरे

जब खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है, तो यह धमनियों की अंदरूनी दीवारों पर जमा होने लगता है, जिसे प्लाक कहा जाता है। प्लाक का लगातार जमना धमनियों को संकरा और कठोर बना देता है, जिसके कारण पूरे शरीर में रक्त का स्वाभाविक प्रवाह बाधित होने लगता है। आमतौर पर लोग इसे सिर्फ हृदय रोग से जोड़कर देखते हैं, लेकिन रक्त प्रवाह बाधित होने का यह दुष्प्रभाव शरीर के कई अन्य अंगों और प्रणालियों पर भी उतना ही



गंभीर और नकारात्मक असर डालता है।

हृदय स्वास्थ्य पर प्रहार और सीने में दर्द का जोखिम

हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण सबसे पहला और बड़ा खतरा आपके दिल पर मंडराता है। जब हृदय तक रक्त पहुंचाने वाली धमनियों में प्लाक जम जाता है, तो दिल की मांसपेशियों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। इस स्थिति के कारण व्यक्ति को सीने में तेज दर्द (एंजाइना) की शिकायत हो सकती है या फिर अचानक दिल का दौरा पड़ने का जानलेवा जोखिम उत्पन्न हो जाता है।



सूजन और हाई ब्लड प्रेशर का बढ़ता खतरा

हाई कोलेस्ट्रॉल की स्थिति शरीर के भीतर अंदरूनी सूजन (इंफ्लेमेशन) को बढ़ावा देती है, जिससे रक्त वाहिकाएं समय के साथ सख्त और सख्त होती चली जाती हैं। जब रक्त वाहिकाएं अपनी लचक खो देती हैं, तो हृदय को पूरे शरीर में खून पंप करने के लिए बहुत ज्यादा ताकत और मेहनत लगानी पड़ती है। इस अतिरिक्त दबाव के कारण मरीज का ब्लड प्रेशर लगातार बढ़ा हुआ रहने लगता है, जो आगे चलकर कई अन्य गंभीर हृदय रोगों का कारण बनता है।

मस्तिष्क की धमनियों में रुकावट और स्ट्रोक का जोखिम

हाई कोलेस्ट्रॉल का नकारात्मक असर सिर्फ दिल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह दिमाग के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। जिस प्रकार प्लाक दिल की नसों में जमता है, उसी प्रकार यह मस्तिष्क तक रक्त ले जाने वाली धमनियों को भी संकरा कर देता है। यदि मस्तिष्क को रक्त पहुंचाने वाली कोई भी मुख्य वाहिका पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाती है, तो व्यक्ति को स्ट्रोक हो सकता



है, जो कि मस्तिष्क की कोशिकाओं को स्थायी नुकसान पहुंचा सकता है या जानलेवा साबित हो सकता है।

डायबिटीज मरीजों के लिए कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, जिन लोगों को पहले से ही डायबिटीज या उच्च शर्करा की समस्या है, उन्हें अपने कोलेस्ट्रॉल के स्तर को लेकर अत्यधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। डायबिटीज और हाई कोलेस्ट्रॉल का एक साथ होना शरीर के लिए दोहरी जटिलता पैदा करता है, क्योंकि हाई ग्लूकोज और प्लाक मिलकर नसों तथा रक्त वाहिकाओं को तेजी से नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए मधुमेह के रोगियों को हृदय रोगों से बचने के लिए ब्लड शुगर के साथ-साथ कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर दोनों को नियंत्रित रखना अनिवार्य है।



पैरेंट्स अपने बच्चों को जरूर सिखाएं संवेदनशीलता बरतना

यदि आपका बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ और ठीक है, लेकिन उसकी कक्षा में पढ़ने वाला कोई साथी शारीरिक रूप से अस्वस्थ या अक्षम है, तो यह आपकी नैतिक जिम्मेदारी है कि आप अपने बच्चे को इस बारे में सही और संवेदनशील ज्ञान दें। उचित जानकारी और समझ के अभाव में बच्चे अक्सर शारीरिक अक्षमता को लेकर तरह-तरह की गलत धारणाएं बना लेते हैं, जो आगे चलकर अनजाने में ही सही, उनके व्यवहार में भेदभाव या चिढ़ाने का रूप ले सकती हैं।

खुले मन से बातचीत और बच्चे की सोच को समझना

अपने बच्चे को समझाने के लिए सबसे पहले आपको उसके साथ खुले मन से बातचीत की शुरुआत करनी होगी। आप बहुत प्यार और धैर्य से बच्चे से उसके विशेष सहपाठी के बारे में पूछें कि वह उसके बारे में क्या सोचता है, उसे उसमें क्या पसंद है और क्या नहीं। जब आप बच्चे की बातों को ध्यान से सुनेंगी, तभी उसके मन की भ्रांतियों को समझ पाएंगी



और उसे सही दिशा में मार्गदर्शन देकर एक अच्छा दोस्त बनने में उसकी मदद कर पाएंगी।

सरल भाषा और प्रेरक उदाहरणों से समझाना

बच्चे से इस विषय पर बात करते समय भाषा बहुत सरल होनी चाहिए और रोजमर्रा के उदाहरणों का उपयोग किया जाना चाहिए। बच्चे को समझाएं कि जिस तरह दुनिया में हर व्यक्ति का रंग, कद और पसंद अलग होती है, उसी तरह शारीरिक क्षमताएं भी अलग हो सकती हैं। उसे ऐसे कई सफल और महान व्यक्तियों की कहानियां सुनाएं, जिन्होंने अपनी शारीरिक अक्षमता को चुनौती देते हुए जीवन में बड़े-बड़े मुकाम हासिल किए हैं।

गतिविधियों में शामिल करने और मदद करने की प्रेरणा

माता-पिता को अपने बच्चे को इस बात के लिए प्रेरित करना चाहिए कि वह शारीरिक रूप से अक्षम बच्चे को अलग-थलग न छोड़े, बल्कि उसे अपने खेल-कूद और स्कूल की गतिविधियों में शामिल करे। उसे दोस्त की मदद करने के व्यावहारिक तरीके सिखाएं, जैसे कि उसका सामान उठाने में हाथ बटाना या वॉशरूम तक जाने में सहयोग करना। इसके साथ ही, बच्चा यदि कोई सवाल पूछे, तो उसका ईमानदारी और स्पष्टता से उत्तर दें, लेकिन कभी भी कोई गलत या भ्रामक जानकारी न दें।

सही शब्दावली और अच्छी किताबों का चयन

बच्चों के सामने आप स्वयं अपनी भाषा का विशेष ध्यान रखें और 'विकलांग' जैसे शब्दों के स्थान पर 'विशेष आवश्यकता वाले' या 'अलग क्षमता वाले' जैसे सम्मानजनक शब्दों का उपयोग करें। चूंकि बच्चे अपने माता-पिता के शब्दों को ही सीखते हैं, इसलिए अनुचित भाषा किसी विशेष बच्चे के मन को गहरी चोट पहुंचा सकती है।



रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के देव आदित्य की शानदार पारी

रायपुर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित रणजी ट्रॉफी 2026-27 सत्र के पहले मुकाबले में सौराष्ट्र ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ बेहद मजबूत शुरुआत की है। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले के पहले दिन छत्तीसगढ़ के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की टीम को उसके सलामी बल्लेबाजों ने बेहद सधी हुई शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 66 रनों की शानदार साझेदारी की। सौराष्ट्र की ओर से जय गोहिल ने 31 रनों का योगदान दिया, जबकि चिराग जानी ने आक्रामक और जिम्मेदार बल्लेबाजी करते हुए शानदार अर्धशतक जमाया और 83 रन बनाए।

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक सौराष्ट्र की स्थिति काफी सुदृढ़ है और टीम ने 90 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 308 रन बना लिए हैं। टीम के बल्लेबाज प्रेरक मांकड़ बेहतरीन और संयमित लय में नजर आए, जो 92 रन बनाकर अपने शतक के बेहद करीब नाबाद खेल रहे हैं। उनका साथ दे रहे देश के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 72 रन बनाकर नाबाद क्रीज पर डटे हुए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बीच हो रही लंबी और मजबूत साझेदारी के दम पर सौराष्ट्र एक विशाल स्कोर की ओर अग्रसर है। वहीं, छत्तीसगढ़ की गेंदबाजी की बात करें तो देव



आदित्य सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 2 विकेट झटके, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज संदीप वारियर और धर्मेंद्र सिंह जडेजा को 1-1 सफलता हाथ लगी। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अनुसार यह मुकाबला 11 से 14 अक्टूबर तक चलेगा, ऐसे में दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों की कोशिश सौराष्ट्र के शेष बल्लेबाजों को जल्द से जल्द समेटने पर होगी।

काटते ही काला हो जाता है सेब तो आजमाएं अमेजिंग हैक्स

अक्सर हम देखते हैं कि सेब को काटने के कुछ ही देर बाद उसकी स्लाइस भूरी या काली पड़ने लगती हैं। यह बदलाव एक प्राकृतिक रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण होता है जिसे ऑक्सीडेशन कहा जाता है, जो सेब के आंतरिक तत्वों के हवा के संपर्क में आने पर होता है। हालांकि इस भूरेपन से सेब के स्वाद और पोषक तत्वों पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, लेकिन इसका रूप और ताजगी खराब लगने लगती है, जिसे कुछ आसान ट्रिक्स से रोका जा सकता है।

शहद के पानी का इस्तेमाल

शहद के उपयोग से सेब को काफी देर तक फ्रेश और लाल रखा जा सकता है, क्योंकि शहद में पेप्टाइड नामक एक प्राकृतिक तत्व होता है जिसमें प्रिजर्वेटिव गुण पाए जाते हैं। इसे प्रयोग करने के लिए एक कप गुनगुने या सामान्य पानी में दो बड़े चम्मच शहद अच्छी तरह मिलाएं और कटे हुए सेब के टुकड़ों को इसमें 5 मिनट के लिए भिगोकर रख दें। इसके बाद स्लाइस को पानी से निकालकर छान लें; इससे सेब का रंग काला नहीं पड़ेगा और उसमें एक हल्की प्राकृतिक मिठास भी आ जाएगी।



कार्नर न्यूज

वर्कआउट रूटीन को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने का तरीका

जंप स्क्वॉट्स करते हुए छोटी-छोटी गलतियों से लग सकती है चोट, एक्सरसाइज में बरतें सावधानी

हम सभी अपने सामान्य वर्कआउट रूटीन में पारंपरिक स्क्वॉट्स को शामिल करते ही हैं, लेकिन यदि आप अपनी फिटनेस को एक कदम आगे ले जाना चाहती हैं, तो जंप स्क्वॉट्स एक शानदार एक्सरसाइज है। यह एक बेहद प्रभावी और हाई-इंटेंसिटी एक्सरसाइज है जो कुछ ही सेकंड में आपकी कैलोरी बर्न करती है और मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसे आप अपने लेग-डे वर्कआउट से लेकर कार्डियो या एचआईआईटी (HIIT) सेशन में शामिल कर सकती हैं।

सही तकनीक का अभाव और चोट का खतरा

चूंकि जंप स्क्वॉट्स में शरीर को हवा में उछालना और वापस जमीन पर उतरना होता है, इसलिए इसमें सामान्य स्क्वॉट्स की तुलना में थोड़ा अतिरिक्त ध्यान और संतुलन की जरूरत होती है। किसी भी अन्य एक्सरसाइज की तरह अगर जंप स्क्वॉट्स को गलत तरीके से या गलत फॉर्म में किया जाए, तो इससे जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर चोट लग सकती है। इससे घुटने के दर्द से लेकर रीढ़ की हड्डी और पीठ के निचले हिस्से में खिंचाव आ सकता है, जिससे



फिटनेस एक्सपर्ट जितेन्द्र कौशिक बचने की सलाह देते हैं।

खराब पोश्चर की गलती से बचें

जंप स्क्वॉट्स करते समय शरीर का पोश्चर सबसे ज्यादा मायने रखता है, लेकिन अक्सर लोग कूदते समय अपनी पीठ को झुका लेते हैं या आगे की ओर झुक जाते हैं। पीठ झुकाकर एक्सरसाइज करने से रीढ़ की हड्डी और कमर के निचले हिस्से पर अनुचित दबाव पड़ता है जिससे पीठ दर्द शुरू हो सकता है। इससे बचने के लिए अपनी छाती को हमेशा ऊपर उठाकर रखें, कंधों को पीछे की तरफ रखें और पूरे मूवमेंट के दौरान अपनी कोर मसल्स को टाइट रखें ताकि रीढ़ सुरक्षित रहे।

बहुत ज्यादा ऊंचाई तक कूदने की गलती

कई बार लोग ज्यादा परिणाम पाने की होड़ में बहुत तेजी से और बहुत ज्यादा ऊंचाई तक कूदने का प्रयास करते हैं, जो कि बिल्कुल गलत तरीका है। बहुत ऊंचा कूदने से शरीर का संतुलन बिगड़ जाता है और वापस जमीन पर आते समय बॉडी फॉर्म पूरी तरह खराब हो जाता है। बॉडी फॉर्म बिगड़ने से घुटनों, टखनों और कमर पर अचानक झटका लगता है जिससे गंभीर चोट या दर्द की



शिकायत हो सकती है, इसलिए हमेशा एक नियंत्रित ऊंचाई तक ही जंप करें।

जमीन पर तेजी से पैर पटकने (हाई लैंडिंग) की गलती

जंप स्क्वाट्स करते समय एक और बड़ी गलती यह होती है कि लोग हवा से नीचे आते समय अपने पैरों को बहुत जोर से जमीन पर पटकते हैं। तेजी से जमीन पर उतरने का सीधा मतलब है कि आप अपने घुटनों, टखनों और जोड़ों पर बहुत ज्यादा शॉक या दबाव डाल रहे हैं। जोड़ों पर पड़ने वाला यह अनावश्यक तनाव आगे चलकर जोड़ों के दर्द का कारण बनता है, इसलिए हमेशा बहुत धीरे और पंजे के बल (सॉफ्ट लैंडिंग) नीचे आने की कोशिश करें।

घुटनों को अंदर की ओर मोड़ने की गलती

जंप स्क्वॉट्स के दौरान की जाने वाली सबसे आम और खतरनाक गलती यह है कि कूदते या नीचे आते समय घुटने अंदर की ओर झुक या मुड़ जाते हैं। जब घुटने अंदर झुकते हैं, तो सारा भार सीधे घुटने के जोड़ों और लिगामेंट्स पर आ जाता है, जिससे घुटने में गंभीर चोट या लिगामेंट टियर की समस्या हो सकती है।